रोहतक
शनिवार 4 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 150
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 38.6°C
न्यून. 26.8°C

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 फाइनल में इंग्लैंड, चोटिल कप्तान साइवर-ब्रंट ने खेली तूफानी पारी

## खबर संक्षेप

### सोनम को जमानत देने के आदेश पर रोक से इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2025 में हनीमून के दौरान पति की हत्या करने की आरोपी सोनम



रघुवंशी को जमानत देने के मेघालय उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर आपत्ति जताई, लेकिन यह कहते हुए उस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया कि सोनम जेल से रिहा हो चुकी है। भाषा

### अब नहीं लगेगी ईवी वाहनों में आग

नई दिल्ली। नई सेरामिक बेस्ड लिथियम-आयन बैटरी विकसित करने वाले वैज्ञानिकों का दावा है कि नई विकसित फायर प्रूफ बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन को ज्यादा तापमान झेलने में सक्षम है, जिससे आगजनी और विस्फोट की संभावना कम हैं। यह पारंपरिक बैटरी की तुलना में ईवी वाहन को अधिक सुरक्षा प्रदान करती है। लिथियम-आयन बैटरी का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक गाड़ियों के साथ-साथ स्मार्टफोन, घड़ी और मेडिकल इम्प्लांट जैसे गैजेट्स में बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। भाषा

### ईपीएफओ : 15 से यूपीआई व एटीएम से निकालें पैसा?

नई दिल्ली। ईपीएफओ के खाताधारकों के बीच इन दिनों एक बड़ी सुविधा को लेकर चर्चा तेज है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आगामी 15 जुलाई 2026 से पीएफ का पैसा सीधे यूपीआई और एटीएम के जरिए निकालने की सुविधा शुरू हो सकती है। कयास यह भी हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस सेवा की शुरुआत करेंगे। एजेंसी

### राहुल के बयान पर सात्यकी ने किया केस

नई दिल्ली। विनायक दामोदर



सावरकर को लेकर मामला फिर एक बार कोर्ट पहुंच गया है। सावरकर के पोते सात्यकी सावरकर ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया है। उन्होंने राहुल की टिप्पणियों को भी खारिज कर दिया है। सात्यकी ने पुणे की कोर्ट में कहा कि ब्रिटिश जेल से रिहाई के लिए सावरकर ने कोई दया याचिका दायर नहीं की थी। एजेंसी

### एकम ढिल्लों मर्डर केस में पत्नी को उम्रकैद

मोहाली। मोहाली में पति की हत्या करने वाली पत्नी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 90 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। दोषी सीरत कौर ने 9 साले पहले पति एकम ढिल्लों की हत्या की थी। उसने 6 फीट के पति को मारकर ढाई फीट के सूटकेस में पैक किया था। सीरत सूटकेस को ठिकाने लगाने के लिए बीएमडब्ल्यू कार में ले जा रही थी, तभी उसकी पोल खुल गई थी। एजेंसी

### गुजरात-एमपी में जैश के आठ आतंकी पकड़े

अहमदाबाद। गुजरात एटीएस ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े आठ आतंकियों को गुजरात और मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। इनमें से दो की उम्र 18 और 19 साल है। ये सभी गुजरात में जेईएम का एक एक्टिव नेटवर्क बनाने के लिए काम कर रहे थे, ताकि आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया सके। एटीएस ने इनसे पूछताछ शुरू कर दी है। एजेंसी

# हरियाणा में प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के नियम बदले अब तहसील में रोजाना सिर्फ 20 अपॉइंटमेंट

*रैंडम टोकन सिस्टम लागू वीआईपी एंट्री होगी खत्म*

*नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक होगी प्रक्रिया*

*व्यवस्था का सख्ती से पालन कराने के निर्देश उपायुक्तों को दिए*

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन कराने वालों के लिए सरकार ने नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब तहसील और उप-मंडल स्तर के प्रत्येक पंजीकरण कार्यालय में प्रतिदिन अधिकतम 20 अपॉइंटमेंट (टोकन) ही जारी किए जाएंगे। यह रैंडम टोकन सिस्टम 2 जुलाई 2026 से पूरे प्रदेश में लागू हो गया है। सरकार का दावा है कि इससे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक होगी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी उपायुक्तों को नई व्यवस्था का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

### नई व्यवस्था में यह बदलेगा




- उप-मंडल स्तर के उप-पंजीयक कार्यालयों में भी 20 टोकन प्रतिदिन मिलेंगे।
- उप-तहसीलों में पुरानी व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी।
- टोकन रैंडम तरीके से जेनरेट होंगे, किसी को प्राथमिकता नहीं मिलेगी।
- सभी आवंटित टोकन पर तय समय में रजिस्ट्रेशन पूरा करना अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी।

**बिचौलियों पर रोक**

सरकार का कहना है कि रैंडम टोकन सिस्टम लागू होने से वीआईपी ट्रीटमेंट, पक्षपात और सिफारिश की गुंजाइश खत्म होगी। साथ ही, जल्दी बिचौलियों व एजेंटों पर रोक लगेगी। वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा के मुताबिक, नई व्यवस्था से प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित व नागरिक-अनुकूल बनेगी। इससे पंजीकरण कार्यालयों में भीड़ कम होगी। यह व्यवस्था पंजीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 17 और 18 के तहत होने वाले सभी अनिवार्य और वैकल्पिक संपत्ति पंजीकरण पर लागू होगी।

# एचटेट आज, सभी तैयारियां पूरीं, परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5:30 बजे तक होगी

प्रदेशभर में 238 परीक्षा केन्द्रों पर 73091 अभ्यर्थी देंगे पेपर

प्रश्न पत्र कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला मुख्यालयों को रवाना

चंडीगढ़/भिवानी। हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) 4 और 5 जुलाई को होगी। प्रदेश में 383 परीक्षा केंद्रों पर 2.33 लाख से अधिक अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। एचटेट जुलाई-2025 के अंतर्गत लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा शनिवार को होगी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव मुनीश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को मुख्यालय से परीक्षा के प्रश्न-पत्रों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस व बोर्ड के अधिकारियों की अभिरक्षा में सभी जिला मुख्यालयों के लिए रवाना कर दिया गया है। 4 जुलाई को एचटेट लेवल-3 परीक्षा में 238 परीक्षा केन्द्रों पर 73,091 अभ्यर्थी प्रविष्ट होंगे। यह परीक्षा सांयकालीन सत्र 3:00 बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी।

### निष्पक्षता , पारदर्शिता व गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता



धूपड़ ने प्रश्न-पत्र वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं गोपनीयता बनाए रखना बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। एचटेट परीक्षा का निर्विघ्न, सुव्यवस्थित संचालन करने, विश्वसनीयता व पवित्रता बरकरार रखने के लिए अभूतपूर्व प्रबंध किए गए हैं।

**ऐसी तैयारी**

परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन को लेकर सभी जिला प्रशासन, पुलिस और रोडवेज विभाग पूरी तरह से मुस्तैद हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। नकल रोकने के लिए जहां परीक्षा केंद्रों पर जैमर, सीसीटीवी कैमरे और बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था की गई है, वहीं अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज प्रशासन ने विशेष बसें चलाने का निर्णय लिया है। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए हैं।

# चढ़ावा चोरी पर खत्म हो भ्रम

आरएसएस ने कहा-जांच में जो भी दोषी हो, उसे कठोर दंड दें | रामलला मंदिर में दानपात्रों से चोरी दुर्भाग्यपूर्ण घटना | रामभक्तों की भावनाओं, श्रद्धा और भरोसे को बचाना जरूरी

अयोध्या (एजेंसी)। राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि रामलला मंदिर के दानपात्रों से धन की चोरी दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि चढ़ावा चोरी पर जल्द भ्रम खत्म किया जाए और श्रद्धालुओं का भरोसा बहाल किया जाए। होसबाले ने कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच में जो भी दोषी पाए जाएं, उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए। साथ ही मंदिर ट्रस्ट को वित्तीय प्रबंधन और संचालन व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

- मुख्य आरोपी से कार व 20 लाख जब्त



### पारदर्शी होनी चाहिए व्यवस्था

आरएसएस सरकार्यवाक ने कहा, 'अभी जो भ्रम और असमंजस की स्थिति बनी हुई है वो समाप्त होनी चाहिए। इसे लेकर हमारी अपेक्षा है कि सभी आवश्यक पहल मंदिर प्रबंधन और सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल करेंगे। हमारा यह विश्वास है कि समुचित वित्तीय प्रबंधन, सुचारू संचालन हेतु निर्दोष पारदर्शी व्यवस्थाओं, शुद्धता और पवित्रता से पूरे धार्मिकता से ओतप्रोत वातावरण के द्वारा श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास हिन्दू समाज की आस्था और विश्वास को सुदृढ़ बनाए रखेगा।'

### हम सभी आहत

होसबाले ने कहा, 'श्री राम जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर पीढ़ियों के संघर्ष और करोड़ों रामभक्तों के समर्पण, त्याग और बलिदान के कारण संपूर्ण हिन्दू समाज के लिए, श्रद्धा, आस्था और भक्ति का केन्द्र बना है। रामलला मंदिर में रखे हुए दान पात्रों में जमा राशि की चोरी की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से समूचे समाज और राम भक्तों की भावना और श्रद्धा को आघात पहुंचा है। इस घटना से हम सभी आहत हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के आग्रह पूर्वक निवेदन पर उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष जांच दल का गठन कर उसकी अनुशंसा पर कानूनी प्रक्रिया शुरू की है।

### मुख्य आरोपी शुक्ला से कई घंटे तक पूछताछ

उधर, मामले की जांच दूसरे दिन भी जारी रही। पुलिस ने मुख्य आरोपी अविनाश शुक्ला को जेल से कस्टडी में लेकर कई घंटे पूछताछ की। पूछताछ के बाद उसे प्रतापगढ़ ले जाया गया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक ब्रेजा कार भी बरामद की है, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर नकदी और अन्य सामान लाने-ले जाने में किया जाता था। जांच एजेंसियों के अनुसार, अविनाश के कमरे से पहले ही 20 लाख रुपये नकद, 1,000 अमेरिकी डॉलर, सोने-चांदी के आभूषण और 'रामराज्य कोष' लिखा एक बक्सा बरामद किया जा चुका है। अन्य आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### बदरीनाथ में भी दान में अनियमितता, जांच होगी

बदरीनाथ धाम में भी चढ़ावे और दान में कथित हेराफेरी व अनियमितता का मामला सामने आने के बाद बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने जांच के आदेश दे दिए हैं। समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा है कि मंदिर समिति ने आरोपों को अत्यंत गंभीरता से लिया है। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और तथ्यपरक जांच होगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दिर समिति ने आरोपों की जांच के लिए समिति गठित करने के आदेश दे दिए हैं। इस मामले में स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है। जांच पूरी होने के बाद अगर कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने की बात कही गई है।

# एसआईआर ड्यूटी के कारण लापता टीचर 7 घंटे बाद मिला

### अफसरों के ग्रुप में सुसाइड नोट भेज लिखा था- एसडीएम तहसीलदार व सुपरवाइजर दबाव बना रहे जान दे रहा हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल में वोटर लिस्टों की स्पेशल इनटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की ड्यूटी पर तैनात सरकारी टीचर प्रदीप कुमार लापता होने के करीब 7 घंटे



बाद मिल गए। इसकी पुष्टि टीचर के भतीजे गौरव शर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि चाचा प्रदीप दोपहर को लापता हो गए थे, लेकिन शाम करीब 7:30 बजे कल्पना चावला रोड पर मिल गए। उन्हें घर ले जाया गया है। फिलहाल वे कुछ परेशान हैं और उनकी स्थिति सामान्य होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वे किन परिस्थितियों में लापता हुए थे।

### कोहंड के सरकारी स्कूल में टीचर है प्रदीप कुमार

कोहंड के पीएमश्री राजकीय विद्यालय में हिंदी शिक्षक प्रदीप कुमार (55) की ड्यूटी बूथ लेवल ऑफिसर के रूप में लगी हुई थी। उनसे शुक्रवार दोपहर 12 बजे के बाद से संपर्क नहीं हो पाया था। अब उनके सुरक्षित मिलने से परिवार और प्रशासन ने राहत की सांस ली है। उन्होंने करनाल में टीचर्स और अफसरों के ग्रुप में एक नोट भी भेजा। जिसमें घरौंडा एसडीएम, तहसीलदार और सुपरवाइजर पर उत्पीड़न का आरोप लगाए थे। उनकी कार करनाल सेक्टर-9 में कॉन्वेंट स्कूल के पास खड़ी मिली। गाड़ी से 2 मोबाइल फोन भी मिले थे। सुबह करीब 8:45 बजे प्रदीप ने घरौंडा के शिक्षकों और अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप में सुसाइड नोट साझा किया था। 15 जून से उनकी ड्यूटी एसआईआर में लगी हुई थी।

### क्या कहते हैं एसडीएम और थाना प्रभारी

घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि किसी भी बीएलओ पर किसी प्रकार का दबाव नहीं डाला गया। सभी को आवश्यकता के अनुसार हेल्पर उपलब्ध कराए गए थे। यदि किसी कर्मचारी को कोई समस्या थी तो वह प्रशासन के समक्ष रख सकता था। शिक्षक ने इस प्रकार की कोई शिकायत उनके सामने नहीं रखी थी। वहीं, घरौंडा थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि शिक्षक शाम करीब साढ़े सात बजे मिल गए हैं। अब उनसे पूछताछ की जाएगी कि उन्होंने ऐसा क्यों किया।

**आपत्तिजनक सामग्री बर्दाश्त नहीं : वैष्णव**

### बाल यौन शोषण के विज्ञापन पर इंस्टाग्राम को नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा देने वाले



कंपनी से पूछेंगे ऐसे विज्ञापन कैसे चले

विज्ञापनों को लेकर सरकार पैरेंट कंपनी मेटा को समन भेजेगी। मंत्रालय मेटा से पूछेगा कि इंस्टाग्राम पर ऐसे विज्ञापन कैसे प्रसारित हुए और उन्हें रोकने के लिए प्लेटफॉर्म की ओर से क्या कदम उठाए गए। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी तरह की आपत्तिजनक या अवैध सामग्री को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ा कंटेंट 99 रुपये में बेचा जा रहा था।

**सीए फाउंडेशन के परिणाम जारी**

### साक्षी जैन 92.75% हासिल कर बनीं ऑल इंडिया 'टॉपर'

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने मई 2026 में आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष परीक्षा का कुल पास प्रतिशत 20.09% रहा। नासिक की साक्षी जैन ने 400 में से 371 अंक (92.75%) हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-1 का गौरव प्राप्त किया है। देश के 609 केंद्रों पर हुई इस परीक्षा में कुल 90,217 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 18,124 उम्मीदवारों को सफलता मिली है। इस बार भी लड़कों का प्रदर्शन लड़कियों से थोड़ा बेहतर रहा।



90,217 में 20.09% छात्र पास हुए

**बदमाश ब्लूटूथ के जरिए बैटरी ऑफ करते थे**

### चलते ई-रिक्शा को बंद करने वाले तीन चाइनीज एप बैन

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्र सरकार ने देश में बैटरी चालित वाहनों को दूर से बंद करने में



चालकों को काफी परेशानी हो रही थी

इस्तेमाल हो रहे चीन के तीन एप बैट-बीएमएस, लॉसिजी और एपॉक-आई-आयन को हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार की यह कार्रवाई कुछ वीडियो सामने आने के बाद हुई, जिनमें दिखाया गया था कि चीनी स्मार्टफोन ऐप 'बैट-बीएमएस' के 'रिमोट शटडाउन' फीचर के जरिये ई-रिक्शा को दूर से बंद किया जा सकता है। इंटरनेट से जुड़ी वाहन प्रबंधन प्रणालियों की साइबर सुरक्षा को लेकर व्यापक चिंता पैदा हो गई।

# अमरनाथ यात्रा शुरू, पहले दिन 9000 श्रद्धालु पहुंचे

बालटाल रूट पर 12 जगह वाटरप्रूफ डोम बने



### हर 2 किमी पर बनाए गए ऑक्सीजन बूथ

जम्मू। 57 दिन की अमरनाथ यात्रा शुक्रवार से शुरू हो गई। पहला जत्था गांदरबल के बालटाल और अनंतनाग के पहलगाम (नुनवान) बेस कैंप से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में 4,822 श्रद्धालु शामिल हैं। कुल 9 हजार लोग शुक्रवार शाम तक दर्शन करेंगे। यात्रा मार्ग पर हर 2 किलोमीटर पर ऑक्सीजन बूथ बनाए गए हैं। दोमेल रूट पर चार जगह बड़ी स्क्रीन पर मौसम की जानकारी दी जा रही है।

# पालतू कुत्ते को श्रीकृष्ण का गेटअप देना अपराध नहीं

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने भक्ति की अभिव्यक्ति बताया, महिला के खिलाफ एफआईआर रद्द की

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महिला के खिलाफ एफआईआर रद्द करते हुए कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर अपने पालतू कुत्ते को भगवान कृष्ण की वेशभूषा पहनाकर उसकी तस्वीर व्हाट्सएप पर साझा करना भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 के तहत अपराध नहीं। जस्टिस सुभाष मेहता की एकल पीठ ने कहा कि महिला ने कुत्ते को श्रीकृष्ण का गेटअप देकर कोई अपराध नहीं किया।

### कुत्ते को अपने बच्चे की तरह मानती है महिला

ऐसे मामले में आपराधिक मंशा के अभाव में केवल किसी की व्यक्तिपरक भावना के आहत होने के आधार पर आपराधिक कार्रवाई नहीं की जा सकती। संवैधानिक संहिष्णुता को अति संवेदनशीलता पर वरियता दी जानी चाहिए। कुछ लोगों ने कहा था कि इससे हिंदू समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। लेकिन कोर्ट ने कहा कि इसमें भावनाएं आहत जैसा कोई मामला नहीं बनता। महिला ने कहा था कि उसकी कोई संतान नहीं है। वह कुत्ते को अपने बच्चे की तरह मानती हैं। इसी भावना से उसने त्योहार के मौके पर उसे श्रीकृष्ण का गेटअप दिया था।

## एसआईआर पर सियासी चिट्ठी, चुनाव में धांधली के आरोप

सिब्बल समेत 24 दलों के नेताओं ने किए हस्ताक्षर

# इंडिया ब्लॉक ने सीजेआई को लिखा पत्र चुनाव आयोग पर पक्षपात के आरोप

*पारदर्शिता के हित में और इस उम्मीद में कि सर्वोच्च न्यायालय चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, जवाबदेही और उसमें विश्वास बहाल करने के लिए आवश्यक ठोस कदम उठाएगा। मैं यह पत्र जारी कर रहा हूं: वेणुगोपाल*

नई दिल्ली (एजेंसी)। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को एक संयुक्त पत्र लिखकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र में (एसआईआर) को रोकने और आगामी चुनावों में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर विचार करने की मांग की गई है। 28 जून को लिखे गए इस पत्र को विपक्ष ने शुक्रवार को मीडिया में जारी किया। पत्र में विपक्ष ने स्पष्ट किया कि वह न्यायपालिका पर सवाल नहीं उठा रहा है। कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा कि देश में चुनावी लोकतंत्र को मोदी-शाह शासन से सबसे गंभीर खतरा है।

### लोकतंत्र का भविष्य गंभीर परिणामों से भरा हुआ



निर्दलीय सांसद कपिल सिबल समेत 24 विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में लिखा गया है कि लोकतंत्र का भविष्य गंभीर परिणामों से भरा हुआ है जब संस्थाएं स्वयं दमन के साधन बन जाती हैं और सरकार के एजेंडे को आगे बढ़ाती हैं। न्यायाधीश एकांतवास में नहीं रहते। आप भी जमीनी हकीकत से वाकिफ हैं। जब हर संभव उपाय विफल हो जाता है, तब भी लोग न्यायपालिका पर भरोसा रखते हैं। इसलिए जब न्यायपालिका प्रतिक्रिया देने में विफल रहती है, तो यह गणतंत्र के पूर्ण पतन का संकेत देता है। नेताओं ने कहा कि वे अदालत का रुख इसलिए कर रहे हैं। क्योंकि, उनका मानना है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं दबाव में हैं और कई मामलों में चुनावी परिणाम जनता की इच्छा को सही ढंग से प्रतिबिंबित नहीं करते हैं।

### भाजपा ने जताई आपत्ति

भाजपा ने विपक्षी दलों की चिट्ठी की भाषा और आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाना लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश है। पार्टी का आरोप है कि विपक्ष चुनावी हार की आशंका के चलते चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बता दें कि विपक्षी दलों ने बंगाल और असम का हवाला दिया लेकिन केरल और तमिलनाडु का नहीं दिया।

## 12 आईएएस व 3 एचसीएस का तबादला

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव करते हुए 15 अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए है। इस फेरबदल में 12 आईएएस और 3 एचसीएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

**पंकज यादव** :हरियाणा वाटर रिसोर्स अथॉरिटी चेयरपर्सन का अतिरिक्त कार्यभार
**संजय जून** : कमिश्नर फरीदाबाद डिवीजन और चेयरमैन, मेवात डेवलपमेंट एजेंसी बनाया
**रवि प्रकाश गुप्ता** : कमिश्नर, गुरुग्राम डिवीजन नियुक्त किया
**रवि रतन** : कमिश्नर, करनाल डिवीजन की जिम्मेदारी सौंपी
**धीरेंद्र खड़गटा** : कमिश्नर, नगर निगम फरीदाबाद बनाया
**शक्ति सिंह** : डायरेक्टर, स्टेट ऑडिट डिपार्टमेंट नियुक्त किया
**सचिन गुप्ता** : उपायुक्त रोहतक बनाया गया, सिंचाई विभाग का अतिरिक्त कार्यभार वापस लिया
**अपराजिता** : उपायुक्त कैथल नियुक्त किया गया
**सत्येंद्र दुहन** : कमिश्नर, नगर निगम रोहतक की जिम्मेदारी
**सलोनी शर्मा** : डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर, करनाल
**संवर्तक सिंह खंगावाल** : अतिरिक्त सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग
**अभिनव सिवाच** : सब डिवीजनल ऑफिसर (सिविल), बहादुरगढ़
**तरुण कुमार पावरिया** : एडीसी, महेंद्रगढ़ बनाया
**सुशील कुमार** : सीईओ, जिला परिषद, यमुनानगर
**गौरव चौहान** : लैंड एक्विजिशन ऑफिसर, पंचकूला बनाया

**अपूर्व सिंह को वास्तुकला विभाग का अतिरिक्त कार्यभार** : सरकार ने आईएएस अपूर्व कुमार सिंह को वास्तुकला विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। वर्तमान में उच्चतर शिक्षा विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

# किसानों के ट्यूबवेल के पानी की मुफ्त वैज्ञानिक जांच करेगी सरकार

## रिपोर्ट के आधार पर फसल चयन कर सकेंगे : मुख्यमंत्री

सीएम नायब सिंह सैनी ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी नलकूपों और ट्यूबवेलों के पानी की वैज्ञानिक जांच की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। किसानों को उनके खेत और पानी की गुणवत्ता के अनुसार वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पूरी जांच निशुल्क कराई जाएगी। सरकार जांच रिपोर्ट के आधार पर किसानों को यह भी बताएगी कि उनके लिए कौन-सी फसल उपयुक्त रहेगी और किन फसलों से बचना चाहिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ में बजट घोषणाओं, मुख्यमंत्री घोषणाओं और संकल्प पत्र-2024 की कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि नलकूपों के पानी के नमूने किसानों से मुफ्त लिए जाएं और पूरी व्यवस्था को 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल से जोड़ा जाए, ताकि प्रत्येक किसान की जांच रिपोर्ट और उससे जुड़ी कृषि सलाह डिजिटल रूप से उपलब्ध हो सके। पानी की जांच में कार्बोनेट, बाइकार्बोनेट, कैल्शियम, मैग्नीशियम, सोडियम, क्लोराइड सहित अन्य रासायनिक तत्वों की जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य केवल जांच रिपोर्ट देना नहीं, बल्कि 'पानी की रिपोर्ट के आधार पर फसल चयन' की वैज्ञानिक व्यवस्था विकसित करना है। किसान अपने नजदीकी लैब में किसी भी समय पानी का नमूना देकर जांच करा सकेंगे।

## 12 ग्रामीण हाट-पर्चेज सेंटर बनेंगे, सड़कों की गुणवत्ता पर सख्त हुए मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में बनने वाली सभी सड़कें निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाई जाएं तथा गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई भी सड़क टूटी हुई नहीं रहनी चाहिए और सभी मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मार्केटिंग बोर्ड की योजनाओं और बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में ग्रामीण हाट एवं परचेज सेंटर, सड़क निर्माण व रखरखाव, गेट पास व्यवस्था, एग्रो मॉल, मंडियों में सफाई, पैक हाउस, कोल्ड स्टोरेज, अटल कैंटीन और विजन-2047 से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 12 स्थानों पर ग्रामीण हाट एवं परचेज सेंटर स्थापित करने के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर करीब 30 से 35 लाख रुपये की लागत से शेड बनाए जाएंगे। इसके अलावा खंड स्तर पर भी ग्रामीण हाट विकसित किए जाएंगे, जहां स्वयं सहायता समूह, एफपीओ और किसान अपने कृषि एवं अन्य उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अनाज मंडियों में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाई जाए। मंडियों के नालों, शेड और खुले क्षेत्रों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को परेशानी न हो।



## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जापान की विस्तृत रिपोर्ट सीएम को सौंपी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही में जापान में हुए अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह महोत्सव भारत-जापान के सांस्कृतिक सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाने का काम करेगा। कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में जापान के प्रतिनिधिमंडल को विशेष रूप से आमंत्रित करने तथा दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आदान-प्रदान को और मजबूती देने के लिए आवश्यक पहल के निर्देश दिए। शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-जापान की विस्तृत प्रतिवेदन (डिटेल रिपोर्ट) प्रस्तुत की गई। यह रिपोर्ट गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की गरिमामय उपस्थिति में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, मानद सचिव उपेंद्र सिंघल तथा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण के सदस्य विजय नरूला द्वारा प्रस्तुत की गई।

## राखीगढ़ी भारत की प्राचीन सभ्यता का सबसे सशक्त प्रतीक बनेगा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में राखीगढ़ी में विकसित किए जा रहे विश्वस्तरीय साइट म्यूजियम एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर की प्रगति तथा डिजाइन को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक गुरुवार को देर सायं आयोजित की गई। बैठक में परियोजना के प्रत्येक पहलू की विस्तार से समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए, ताकि राखीगढ़ी केवल एक पुरातात्विक स्थल ही नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन सभ्यता, सांस्कृतिक विरासत और ज्ञान परंपरा का वैश्विक केंद्र बनकर उभरे।

## गर्भवती की मुफ्त ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग होगी

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रदेश के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों को गर्भवती महिलाओं की मुफ्त ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मातृ स्वास्थ्य देखभाल को और अधिक मजबूत और व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान और ई-पीएमएसएमए दिवसों पर आने वाली हर गर्भवती महिला के लिए ओरल (मौखिक/दांतों की) स्वास्थ्य जांच को अनिवार्य कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 'मुस्कान से मातृत्व तक' अनूठी पहल शुरू की गई है।

HP COTTON TEXTILE MILLS LTD
**एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड**
(CIN: L18101HR1981PLC012274)
पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044
Website: www.hpthreads.com E-mail: info@hpthreads.com
Tel: +91 11 41540471/72/73, Fax: +91 11 49073410

**सूचना**
**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन (डिमैट) हेतु स्पेशल विंडो**

कृपया ध्यान दें कि सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11 (2) 2026-MIRSD-POD/I/ 3750/ 2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 ('सेबी सरकुलर') के अनुरूप फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन (डिमैट) हेतु एक स्पेशल विंडो 04 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।
यह सुविधा उन निवेशकों के लिए उपलब्ध है जो एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड ("दि कम्पनी") के फिजिकल शेयर 01 अप्रैल 2019 से पूर्व खरीद चुके थे, और :
(ए) हस्तांतरण के लिए शेयरों को दायर नहीं कर चुके थे : अथवा
(बी) हस्तांतरण के लिए शेयरों को दायर कर चुके थे, परन्तु ये दस्तावेजीकरण में कमियों की वजह से निरस्त कर दिये गये, लौटा दिये गये, अथवा ध्यान नहीं दिया गया।
**स्पेशल विंडो की उपलब्धतता**
01 अप्रैल 2019 से पूर्व निष्पादित डीड्स के हस्तांतरण के लिए इस विंडो की उपलब्धतता के सम्बन्ध में स्पष्टता हेतु, निवेशक नीचे मैट्रिक्स देख सकते हैं :

| 01 अप्रैल 2019 से पूर्व हस्तांतरण हेतु दायर किये गये? | क्या निवेशक के पास मूल शेयर प्रमाण-पत्र उपलब्ध है? | क्या स्पेशल विंडो में दायर करने के लिए पात्र हैं? |
|---|---|---|
| नहीं, यह नया प्रस्तुतिकरण है | हाँ | हाँ (सेबी सरकुलर में वर्णित शर्तों के अधीन) |
| हाँ, परन्तु पूर्व में निरस्त कर दिये गये/लौटा दिये गये | हाँ | |
| हाँ, दायर किया गया था | नहीं | नहीं |
| नहीं, दायर नहीं किया गया था | नहीं | नहीं |

कृपया ध्यान दें कि जिन आग्रह(ों) के साथ मूल शेयर सर्टिफिकेट(एस) के साथ-साथ हस्तांतरण डीड (एस) और अन्य समर्थित दस्तावेज होंगे स्पेशल विंडो के तहत केवल उन्हीं पर विचार किया जाएगा।
इस विंडो का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक निवेशक कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (यूनिट : एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड) जिसका पता अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 में है, टेली.: +91-11-4254 1234; फैक्स : +91-11-4254 1201; ई-मेल : rta@alankit.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
शुभम जैन
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 03 जुलाई 2026

## गृहिणी के योगदान को पैसों में नहीं आंका जा सकता : हाईकोर्ट



■ सड़क दुर्घटना में जान गंवाने महिलाओं का मुआवजा बढ़ाया

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा है कि गृहिणी की सेवाओं का मूल्य केवल न्यूनतम मजदूरी के आधार पर नहीं आंका जा सकता। परिवार के लिए उसके घरेलू कार्य, आर्थिक बचत और भावनात्मक योगदान अमूल्य हैं। जस्टिस हरकेश मनुजा ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाली दो महिलाओं और एक पुरुष के आश्रितों की अपील स्वीकार करते हुए मुआवजे में उल्लेखनीय वृद्धि की। अदालत ने कहा कि वर्ष 2022 में गृहिणी-सह-दर्जी की काल्पनिक आय 15 हजार रुपये प्रतिमाह से कम नहीं मानी जा सकती।

इसी आधार पर ईशमा देवी का मुआवजा 10.22 लाख रुपये से बढ़ाकर 25.02 लाख रुपये और विद्या रानी का मुआवजा 17.37 लाख रुपये से बढ़ाकर 42.12 लाख रुपये कर दिया गया। वहीं श्रमिक जगदीश चंद की आय 10,650 रुपये प्रतिमाह मानते हुए उसका मुआवजा 10.22 लाख से बढ़ाकर 12.72 लाख किया गया। हाई कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि पुनर्निर्धारित मुआवजे पर दावा याचिका दायर होने की तिथि से भुगतान तक नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज दिया जाएगा। यदि तीन माह के भीतर राशि का भुगतान नहीं हुआ तो उसके बाद 12 प्रतिशत ब्याज देना होगा।

## बैंक घोटाला : लेखा अधिकारी 3 दिन के सीबीआई रिमांड पर

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चर्चित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक फंड गबन मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार वरिष्ठ लेखा अधिकारी प्रवीण कुमार को शुक्रवार को पंचकूला स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। जांच एजेंसी ने पूछताछ के लिए चार दिन की रिमांड मांगी थी। सीबीआई ने अदालत को बताया कि जांच में प्रवीण कुमार की भूमिका विभागीय नियमों के विपरीत सरकारी धन के निवेश, बोर्ड के नाम से गुप्त बैंक खाता खुलवाने और कथित तौर पर शेल कंपनियों तक धन पहुंचाने की साजिश में सामने आई है। एजेंसी का कहना है कि रिमांड के दौरान बैंक खातों, वित्तीय लेनदेन, दस्तावेजों और अन्य संदिग्ध व्यक्तियों से जुड़े तथ्यों की गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि पूरे नेटवर्क और धन के प्रवाह का पता लगाया जा सके। जांच के अनुसार, प्रवीण कुमार ने विभाग की मंजूरी और आधिकारिक रिकॉर्ड के बिना चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा में बोर्ड के नाम से बैंक खाता खुलवाया था। आरोप है कि इसी खाते के जरिए चेक और डेबिट नोट के माध्यम से सरकारी धन निकालकर विभिन्न शेल कंपनियों के खातों में स्थानांतरित किया गया।

## अनुबंध कर्मचारियों को 15 अगस्त तक मिलेगा सेवा सुरक्षा का लाभ

■ कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा पर 8 जुलाई को होगी उच्चस्तरीय समीक्षा

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) नियम, 2025 के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए पात्र अनुबंध कर्मचारियों के सत्यापन और उन्हें सेवा सुरक्षा के तहत ऑफर लेटर जारी करने के लिए 15 अगस्त 2026 तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दिशा में प्रगति की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की अध्यक्षता में 8 जुलाई को पंचकूला में उच्चस्तरीय बैठक होगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, बैठक 8 जुलाई को सुबह 10 बजे पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह, पंचकूला में आयोजित होगी। इसमें सभी विभागाध्यक्षों, बोर्डों, निगमों और सरकारी प्राधिकरणों के प्रमुखों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी अधिकारी को प्रतिनिधि भेजने की अनुमति नहीं होगी। बैठक में सेवा सुरक्षा पोर्टल के माध्यम से पात्र अनुबंध कर्मचारियों के सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिन विभागों ने अभी तक पोर्टल पर कार्य शुरू नहीं किया है, उन्हें समीक्षा बैठक से पहले प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

UNIPRODUCTS (INDIA) LTD.
पंजीकृत कार्यालयः जरथल गांव रोड, 84 कि.मी. स्टोन, दिल्ली-जयपुर रोड, डाकघर-संगवाड़ी, जिला रेवाड़ी, हरियाणा-123401
वेबसाइटः www.unitexindia.com; ईमेलः compliance@unitexindia.com
फोनः +91-120-2585590-91; CIN: U45201HR1982PLC014785

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित होने वाली असाधारण आम बैठक की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यूनिप्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड (कंपनी) के सदस्यों की असाधारण आम बैठक ("ईजीएम") मंगलवार, 28 जुलाई, 2026 को सुबह 11:30 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी। कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागू प्रावधानों के अनुपालन में, इसके तहत बनाए गए नियमों और सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, और 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए ("एमसीए परिपत्र"), कंपनी के पंजीकृत कार्यालय ("मान्य स्थल") पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, ईजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय को पूरा करने के लिए, जिसे सदस्यों का प्रसारित किया जाएगा।

ईजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी/आरटीए के पास पहले से पंजीकृत हैं। कंपनी अपने सभी सदस्यों को पूर्व अभ्यास के समान ई-वोटिंग और रिमोट ई-वोटिंग सुविधा भी उपलब्ध करा रही है।

जिन सदस्यों ने कंपनी/डिपॉजिटरी/आरटीए के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी से सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए इसे पंजीकृत करें। वे नीचे दिए गए निर्देशों का पालन कर सकते हैं।

ई-मेल पते पंजीकरण/अद्यतन करने की प्रक्रियाः

1. भौतिक प्रारूप में शेयर धारण रखने वाले सदस्यों, जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ई-मेल पते पंजीकृत/अपडेट नही किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए"), एमएएस सर्विसेज लिमिटेड को investor@masserv.com पर लिखकर फोलियो नम्बर का विवरण एवं और कंपनी के साथ पंजीकृत सदस्य के पते के समर्थन में पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति और किसी भी दस्तावेज (जैसः ड्राइविंग लाइसेंस, चुनाव पहचान पत्र, पासपोर्ट) की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करके पंजीकृत/अपेडट करें।
2. डिमेटिरियलाइज्ड प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत कराएं।

सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में शामिल हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। ईजीएम में शामिल होने और ईजीएम के दौरान रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग या ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने के तरीके के बारे में विस्तृत निर्देश ईजीएम की सूचना के नोट्स में दिए जाएँगे। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के लिए गिना जाएगा।

ईजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.unitexindia.com पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। ईजीएम सूचना को एनएसडीएल (रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com से भी प्राप्त किया जा सकता है।

उपरोक्त सूचना कंपनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और यह एमसीएम परिपत्रों के अनुरूप है तथा सदस्यों से अनुरोध है कि वे ईजीएम की सूचना और विशेषकर ई-वोटिंग या ईजीएम में वोटिंग के माध्यम से वोट देने की प्रक्रिया के संबंध में ईजीएम की सूचना में दिये गये नोट्स को भली-भांति पढ़ लें।

कृते यूनिप्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./-
प्रीति सोंधी
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. एफ8676
तिथिः 03.07.2026
स्थानः नोएडा

## परिवार में सभी का नाम एक ही बूथ पर करवाने के लिए भरें फॉर्म-8

■ मतदान केंद्र बदलवाने का मौका, 21 जुलाई से 20 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के दौरान यह सामने आया है कि कई परिवारों के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों की मतदाता सूचियों में दर्ज हैं।

ऐसे परिवार प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 के प्रकाशन के बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक फॉर्म-8 भरकर अपने नाम एक ही मतदान केंद्र पर स्थानांतरित कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कई बार एक ही सेक्टर या कॉलोनी के लिए एक ही भवन में दो अलग-अलग मतदान केंद्र बनाए जाने के कारण परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग बूथों पर दर्ज हो जाते हैं। यदि परिवार चाहता है कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम एक ही मतदान केंद्र पर हों, तो वह निर्धारित अवधि में फॉर्म-8 के माध्यम से मतदान केंद्र परिवर्तन का अनुरोध कर सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नए मतदाताओं से भी अपील की कि वे फॉर्म-6 भरते समय अपने परिवार के पहले से पंजीकृत सदस्य का विवरण सही और पूर्ण रूप से दर्ज करें तथा उसी मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के माध्यम से आवेदन जमा करें।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली-110001 निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करता है:-

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और स्थान | 25 केवी एकल फेज एसी लाइन की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करना और संशोधन कार्य। 1. दिल्ली-बठिंडा खंड पर नांगलोई में ऊपर और नीचे दोनों दिशाओं में लंबे लूप का निर्माण। 2. नए गाजियाबाद क्रॉसिंग स्टेशन को क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करना। 3. रोहतक-पानीपत खंड के बीच जासिया में नए क्रॉसिंग स्टेशन का निर्माण। |
| कार्य की समाप्ति अवधि | 12 महीने |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 6,76,55,901.24/- |
| बयाना राशि (ऑनलाइन जमा की जानी है) | रु. 13,53,100/- |
| ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 27.07.2026 को 15.00 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं। बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदाएं अपलोडिंग की समाप्ति के तुरंत बाद 27.07.2026 15.00 पर बजे खोली जाएंगी। |
| विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 13.07.2026 से 27.07.2026 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

No. 348-Mod/Dy.CEE/C/NDLS/2026-27 Dated: 03.07.2026 2284/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बिजली शिकायतों पर सुनवाई छह से

चंडीगढ़। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में जुलाई 2026 के दौरान पंचकूला जोन के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए बिजली निगम के एक प्रवक्ता ने बताया कि 6, 13, 20 और 27 जुलाई को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक यूएचबीवीएन मुख्यालय, विद्युत सदन, इंडस्ट्रियल प्लॉट नंबर 3 और 4, सेक्टर-14, पंचकूला में पंचकूला जोन के कुरुक्षेत्र अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

**सांकेतिक कब्जा सूचना**
ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटलस रोड, निकट सुभाष चौक, सोनीपत-131001
चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।
चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।
कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विजय सिंधु पुत्र सुन्दर सिंह सिंधु (कर्जदार), विमल रानी पत्नी विजय सिंधु (सह-कर्जदार), वार्ड नं. 16, डिफैंस कॉलोनी, आर्य नगर, निकट आईटीआई गोहाना, जिला सोनीपत-हरियाणा-131301 NHGOH00000830660. | दस्तावेज नं. 103 दिनांक 07.04.2015 के अनुरूप विजय सिंधु के पक्ष में निष्पादित एम.सी. सीमा गोहाना, जिला सोनीपत के अंदर घुड़ा में स्थित खेवट नं. 420, किल्ला नं. 284//17 में निहित भूमि माप 7के-15एम का 5/155 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 150 वर्ग गज है, के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : साइड 60', दक्षिण : साइड 60', पूर्व : साइड 22'6", पश्चिम : साइड 22'6"./ कब्जे की तिथि 29.06.2026 | 11-12-2025 रु. 9,43,402/- | सोनीपत |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।
दिनांक : 04 जुलाई 2026
स्थान : सोनीपत
प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

**प्रवेश सूचना**
**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां**
भगत फूल सिंह महिला पॉलिटेक्निक खानपुर कलां (सोनीपत) में (i) Office Management and Computer Application, (ii) Electronics and Communication, (iii) Library and Information Science and (iv) Medical Laboratory Technology डिप्लोमा इंजीनियरिंग (तीन वर्ष) व डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) (दो वर्ष) सत्र 2026-27 के लिए रिक्त सीटों में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रार्थनापत्र संस्था में 07/07/2026 सांय 5:00 बजे तक आकर जमा करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विश्व विद्यालय की वेबसाइट www.bpswomenuniversity.ac.in पर अवलोकन करें।
कुलसचिव
संवाद-1239/11/94/2027/46808/C/88/6 दि. 03.07.26

थाना सैक्टर 58 जिला फरीदाबाद
**ईस्तेहार गुमशुदगी**
**मुकदमा न. 311 दिनांक 16.05.2026 धारा 127 (6) BNS थाना सैक्टर 58 फरीदाबाद**



जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजेश पुत्र शिवनाथ निवासी गाँव फटिकवारा जिला वैशाली बिहार हाल पेट्रोल पम्प के पास राजीव कालोनी फरीदाबाद जो कि दिनांक 12.05.2026 को अपने घर से बिना बताये कहीं पर चला गया है। जो अभी तक घर नहीं पहुँचा है। यदि किसी व्यक्ति को इस बारे मे सूचना मिले तो थाना सैक्टर 58 से संपर्क करे। जिसका हुलिया इस प्रकार से है:-
हुलियाः-रंग सांवला, हष्ट-पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, कद 5 फुट 7 इंच, उम्र 46 साल, हरे रंग की कमीज व ब्राउन रंग की पैंट व पैरों में काले जूते पहने हुए है।
प्रबंधक अफसरः-9582200129
कंट्रोल रूमः-9999150000
अनुसंधान अधिकारीः-9050718557
थाना सैक्टर 58 फरी.
दिनांक 16.05.2026
पीआरडीएच-1084/11/4990/2027/46775/88/6 दि. 03.07.26

**राजीव गांधी राजकीय पॉलिटेक्निक, नरवाना (जिला जीन्द)**
**प्रवेश सूचना**
इस संस्थान के डिप्लोमा इंजीनियरिंग व डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) कोर्स सत्र 2026-27 की रिक्त सीटों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित प्रमाण-पत्र (दसवीं, बारहवीं नॉन मेडिकल/आई.टी.आई. (दो वर्षीय) / NSQF Level-IV/PPP ID/Aadhaar Card, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, श्रेणी हेतु आय एवं एसेट प्रमाण-पत्र, की स्वयं सत्यापित प्रतियां संस्थान में जमा करवाना सुनिश्चित करें।
Institute Level Open Physical Counselling का विवरणः-

| तिथि | दाखिला प्रक्रिया विवरण |
|---|---|
| 07.07.2026 (05:00 PM तक) | संस्थान में आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि |
| 08.07.2026 | Declaration of Inter-se-Merit/Rank on Institute website www-gpnarwana.ac-in(after 04:00 PM) |
| 09.07.2026 (09:00 बजे से) | Institute Level Open Physical Counselling (for all categories) |
| 10.07.2026 (09:00 बजे से) reserved categories) | Institute Level Open Physical Counselling without any reservation (by merging all |

- दाखिला फीस 3100/- (Girls/TFW), 4600/- (अन्य सभी श्रेणियाँ)
- काउंसलिंग के समय फीस जमा न होने पर allotted सीट cancel कर दी जाएगी।

**उपरोक्त तिथि के पश्चात बची हुई सीटों पर प्रवेश दैनिक आधार पर किया जाएगा जिसका विवरण निम्नानुसार हैः**
- संस्थान में आवेदन पत्र फॉर्म जमा करवाने का समय दोपहर 12:00 बजे तक रहेगा।
- दोपहर 2:00 बजे मेरिट सूची संस्थान के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी।
- दोपहर 2:30 बजे मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन (Seat Allotment) किया जाएगा।

नोटः-
- Institute Level Open Physical Counselling के लिए अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य है।
- आवेदन पत्र संस्थान से प्राप्त करें अथवा संस्थान की वेबसाइट www.gpnarwana.ac.in से डाउनलोड करें।
- आवेदन पत्र भरकर तथा सम्बन्धित दस्तावेजों सहित संस्थान में जमा करवाएं।
- निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- दाखिला प्रक्रिया योग्यता (Merit) के आधार पर की जाएगी। HSTES की रैंक एवं HSTES का संरधान में पहले से जमा कोई भी फार्म मान्य नहीं होगा।
- दाखिला होने पर दाखिला शुल्क तुरंत संस्थान में जमा करवाना अनिवार्य होगा।
- रिक्त सीटों की सूची संस्थान की वेबसाइट www.gpnarwana.ac.in पर उपलब्ध होगी।
- यदि कोई अभ्यर्थी डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) दोनों के लिए आवेदन करता है तो उसे अलग-अलग आवेदन जमा करवाने होंगे।
- अधिक जानकारी के लिए प्रधानाचार्य कार्यालय के फोन 01684-242159, 9991442560 पर संपर्क करें।

हस्ता/-प्रधानाचार्य
पीआरडीएच-1115/11/552/2027/46795/88/6 दि. 03.07.2026

सत्यमेव जयते
नागरिक उड्डयन मंत्रालय
भारत सरकार

# क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी के एक नए दशक की शुरुआत



**श्री नरेन्द्र मोदी**
मानवीय प्रधानमंत्री

## अगले चरण की शुरुआत

# उडान
## (उड़े देश का आम नागरिक)

**लागत लगभग रु. 29,000 करोड़**

# श्री नरेन्द्र मोदी
## माननीय प्रधानमंत्री
द्वारा

### योजना की विशेषताएं और लाभ

- रु. 12,159 करोड़ की लागत से 100 नए हवाई अड्डों का विकास, जिससे दूर-दराज और क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी बढ़ेगी
- पूरे भारत के पहाड़ी और आकांक्षी ज़िलों में रु. 3,661 करोड़ की लागत से 200 हेलीपोर्ट का निर्माण
- क्षेत्रीय मार्गों पर एयरलाइन ऑपरेशन को लंबे समय तक चलाने और सस्ती हवाई यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रु. 10,043 करोड़ की 'वायबिलिटी गैप फंडिंग'
- सुरक्षा, दक्षता और निरंतर प्रचालनों के लिए हवाई अड्डों को रु. 2,577 करोड़ की प्रचालन एवं रखरखाव सहायता
- स्वदेशी क्षेत्रीय विमानन क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एचएएल ध्रुव हेलीकॉप्टर्स और डॉर्नियर एयरक्राफ्ट का आत्मनिर्भर एयरक्राफ्ट अधिग्रहण
- व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा, नई एयरलाइनों और एविएशन स्टार्ट-अप के विकास के लिए अवसर

### इनकी गरिमामयी उपस्थिति में

**श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे**
राज्यपाल, राजस्थान

**श्री भजन लाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

**श्री किंजारापु राममोहन नायडू**
केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री

**श्री गजेंद्र सिंह शेखावत**
केन्द्रीय संस्कृति;
और पर्यटन मंत्री

**श्री मुरलीधर मोहोल**
केन्द्रीय नागरिक उड्डयन;
और सहकारिता राज्य मंत्री

**शनिवार, 04 जुलाई, 2026 | प्रातः 10:45 बजे | जोधपुर एयरपोर्ट, राजस्थान**

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम लाइव देखें

CBC 03111/13/0003/2627



Follow us on:- @AAI_Official | @AirportsAuthorityOfIndiaOfficial | @aaiofficial | @AirportsAuthorityofIndia | @airportsauthorityofindia

## देश के कई राज्यों में मॉनसून की भारी बारिश, बरपा रही कहर

# हिमाचल में बारिश के बाद लैंडस्लाइड, मलबे में गाड़ियां दबीं

**उज्जैन में क्षिप्रा नदी में आई बाढ़, मंदिर डूबे**

**गुजरात में बच्चे पानी में बहे, घरों में घुस गया बारिश का पानी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/शिमला

हिमाचल प्रदेश में मानसून के दस्तक देते ही तबाही शुरू हो गई है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में भारी बारिश, लैंडस्लाइड, और जगह-जगह सड़क हादसे भी हुए हैं। किन्नौर में गुरुवार रात से ही भारी बारिश हुई। किन्नौर के चोलिंग में बारिश के बाद मलबा नेशनल हाईवे पर आ गया। एक स्कॉर्पियो समेत मलबे में 2 वाहन फंसे हैं।राज्य में 60 सड़कें बंद हैं। इधर, यूपी में शुक्रवार सुबह 3 बजे लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, जालौन समेत 5 शहरों में बारिश हुई। उन्नाव में पानी घरों में घुस गया। गुजरात के वलसाड में सड़कें पानी में डूब गईं, गाड़ियां चलते-चलते बंद हो गईं। जामनगर में दो बच्चे पानी में बह गए, स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाया। सोमनाथ के सूत्रपाड़ा में घरों में पानी घुसा। मध्य प्रदेश में मानसून 9 दिन में ही पूरे प्रदेश में छा गया। उज्जैन में क्षिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से राम घाट के पास मंदिर डूब गए।




### पांच तक पूरे देश को कवर करेगा मानसून

मानसून ने 1 जून की जगह 3 दिन लेट 4 जून को भारत में एंट्री ली थी। इस दौरान कई राज्यों में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। बीच-बीच में 'ब्रेक मानसून' जैसी स्थिति बनने से यह आशंका जताई जाने लगी थी कि इस बार मानसून पूरे देश को सामान्य समय से देर से कवर करेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 5 जुलाई तक मानसून के पूरे देश को कवर करने की संभावना है, जबकि इसका सामान्य समय 8 जुलाई माना जाता है।

### मुंबई में बारिश जारी, चेतावनी जारी

**मुंबई** । महाराष्ट्र के मुंबई में शुक्रवार को लगातार बारिश जारी रही और शहर के कई इलाकों में केवल पांच घंटे में 70 मिलीमीटर (मिमी) से अधिक वर्षा दर्ज की गई। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में 'तेज से बहुत तेज' बारिश का अनुमान जताया है।

### सीआरपीएफ की गाड़ी पलटी, 6 जवान घायल

श्रीनगर। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग (गगनगीर) सुरंग के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गया। इस हादसे में वाहन में सवार सीआरपीएफ के 6 जवान घायल हो गए हैं।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे सत्र में तेजी, सेंसेक्स 262 अंक चढ़ा



- आईटी शेयरों में तेजी से बाजार को मिला समर्थन
- अमेरिका में मौद्रिक सख्ती की उम्मीद कम होने से बाजार में तेजी रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में तेजी और अमेरिका के कमजोर रोजगार आंकड़ों से मौद्रिक सख्ती की उम्मीद कम होने के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 262 अंक और निफ्टी में 95 अंक की तेजी रही।बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 261.79 अंक चढ़कर 77,763.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 655.4 अंक चढ़कर 78,157.52 अंक तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 95.15 अंक बढ़कर 24,270.85 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में से एचसीएल टेक में सर्वाधिक 5.79 प्रतिशत की तेजी रही जबकि टेक महिंद्रा 1.81 प्रतिशत चढ़ा।

### सोने 3,300 व चांदी 5,000 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत फिर से 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गई। लगातार दूसरे सत्र में इसमें 3,300 रुपये की बढ़ोतरी हुई, क्योंकि वैश्विक बाजार में मजबूती और कमजोर डॉलर ने सर्राफा की मांग को बढ़ा दिया। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,300 रुपये या 2.2 प्रतिशत बढ़कर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई, जबकि पिछले सत्र में यह 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत में भी लगातार चौथे सत्र में बढ़ोतरी हुई और यह 5,000 रुपये या 2.08 प्रतिशत बढ़कर 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई।



### जर्मनी में झील में डूबकर पंजाबी युवक की मौत

**अमृतसर।** अमृतसर के रहने वाले एक युवक की जर्मनी में झील में डूबने से मौत हो गई है। मृतक हर्षप्रीत सिंह के नाम से हुई, तो गांव बुड्ढा का रहने वाला था। उसके पिता जर्मनी में रहते हैं। हर्षप्रीत करीब एक साल पहले ही अपने पिता से मिलने जर्मनी गया था। पारिवारिक के अनुसार, हर्षप्रीत के पिता पिछले सात वर्षों से जर्मनी में रह रहे हैं और वहीं काम करते हैं। पिछले साल ही हर्षप्रीत का भी वीजा लगा था, जिसके बाद वह पिता के पास घूमने के लिए जर्मनी गया हुआ था।



### लुधियाना में प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी को कार ने कुचला

**लुधियाना।** लुधियाना में शुक्रवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। टक्कर मारने के बाद टायर सिर पर चढ़ा दिया। गंभीर रूप से घायल महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। महिला सहेली के साथ निकली थी। सहेली को भी टक्कर मारी। वो दूर जाकर गिरकर घायल हो गई। महिला को 10 मीटर तक कार ड्राइवर टायर के नीचे घसीटता ले गया सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि ड्राइवर ने महिलाओं को टक्कर मारने के बाद गाड़ी नहीं रोकी।



## पंजाब कांग्रेस में टूट संभव, चन्नी की बैठक में 50 नेता ही पहुंचे

### सांसद रंधावा दिल्ली में अमित शाह से मिले



**राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने की मांग तेज**

**पंजाब प्रभारी पूर्व सीएम बघेल आज आ सकते हैं चंडीगढ़**

**लुधियाना।** पंजाब कांग्रेस में भी टूट के आसार दिखाई पड़े लगे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष न बनाए जाने से नाराज पूर्व सीएम और जालंधर सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने घर पर 4 विधायकों समेत 50 पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। एमएलए तृप्त राजिंदर बाजवा ने कहा कि सभी नेताओं ने चन्नी से कहा कि राजा वड़िग को प्रधान बनाए जाने पर वे हाईकमान से बात करें। सभी नेता इस फैसले से नाराज हैं। मीटिंग के बाद चन्नी का पहला बयान आया। जिसमें चन्नी ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी की लीडरशिप ने मेरे घर में आकर पंजाब के लोगों की भावनाओं को हाईकमान के आगे रखने की अपील की। इस बीच भाजपा के पंजाब प्रधान केवल ढिल्लों ने कहा कि चन्नी अगर भाजपा में आते हैं तो उनका स्वागत है। कांग्रेस के पंजाब प्रभारी पूर्व सीएम भूपेश बघेल शनिवार को चंडीगढ़ आ सकते हैं।

#### कांग्रेस सांसद बोले पहले से तय थी यह मुलाकात

गुरदासपुर से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वे भाजपा के राज्यसभा सांसद तरूण चुघ के साथ नजर आए। इस मुलाकात को उन्होंने पहले से तय बताया। पंजाब की बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर अपना पक्ष रखा था।



## चुनाव आयोग ने फर्जी खबरें और डीपफेक से निपटने के लिए अफसरों को किया सतर्क



**मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. जोशी ने किया संबोधित**

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे फर्जी नैरेटिव, डीपफेक और भ्रामक सामग्री से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मीडिया एवं संचार अधिकारियों को सक्रिय और सतर्क रहने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मीडिया एवं संचार अधिकारियों के दूसरे एकदिवसीय सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने देशभर से आए अधिकारियों को संबोधित किया। सम्मेलन में 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 260 से अधिक मीडिया एवं संचार अधिकारियों, मीडिया नोडल अधिकारियों व जिला जनसंपर्क अधिकारियों ने भाग लिया।

### टीएमसी हेडक्वार्टर पर बागी गुट का कब्जा

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी गुट ने शुक्रवार को कोलकाता स्थित पार्टी हेडक्वार्टर पर कब्जा कर लिया। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में गुट ने दफ्तर के ताले बदल दिए और नए पोस्टर लगाए। नए पोस्टर्स में ममता बनर्जी की तस्वीर नहीं थी। हालांकि, अंदर लगी उनकी तस्वीर और कटआउट को नहीं हटाया गया। ऋतब्रत बनर्जी ने समर्थकों-नेताओं के साथ मुख्यालय में बैठक कर खुद को असली तृणमूल कांग्रेस बताया। उन्होंने कहा कि अब पार्टी का काम यहीं से चलेगा। एक दिन पहले गुरुवार को उनके गुट ने चुनाव आयोग में पार्टी के नाम, चुनाव चिह्न और संगठन पर दावा पेश किया था।

**उप्र : बरेली-बदायूं रोड पर घंटों फंसे रहे अभ्यर्थी**


## भाजपा नेता के रोड शो के दौरान कइयों की यूपी टीईटी परीक्षा छूटी

भाषा ▶▶| बदायूं (उप्र)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य के रोड शो के कारण बदायूं में शुक्रवार को कथित तौर पर यातायात जाम होने से राजनीतिक विवाद पैदा हो गया क्योंकि कई अभ्यर्थियों ने दावा किया है कि वे उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) की दूसरी पाली में परीक्ष नही दे पाए । जिला प्रशासन ने स्वीकार किया कि कुछ उम्मीदवार अपने परीक्षा केंद्रों पर समय पर नहीं पहुंच सके। उसने कहा कि वह राज्य सरकार को पत्र लिखकर उन्हें फिर से परीक्षा देने की अनुमति देने का अनुरोध करेगा। जिलाधिकारी अविनाश कुमार राय ने कहा कि यातायात परिवर्तन के बावजूद भारी बारिश और भाजपा नेता के काफिले के कारण यातायात प्रभावित हुआ, जिसके परिणामस्वरूप कुछ अभ्यर्थी परीक्षा देने से चूक गए।



- उप्र के 60 जिलों के 955 केंद्रों पर दो से चार जुलाई तक आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी)में लगभग 20 लाख उम्मीदवार शामिल होंगे।
- यूपी टीईटी प्रदेश में प्राथमिक (कक्षा एक से पांच) और उच्चतर प्राथमिक (छह से आठ) स्कूलों में शिक्षक के तौर पर नौकरी चाहने वाले अभ्यर्थियों के लिए एक जरूरी पात्रता है।



## चिंतन

# आरोप की बजाय पुख्ता सबूत पेश करे विपक्ष

देश के 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय सांसद द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। किसी भी राजनीतिक दल को चुनावी प्रक्रिया पर संदेह होने पर अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन लोकतंत्र केवल आरोपों से नहीं चलता, बल्कि तथ्यों, साक्ष्यों और संवैधानिक प्रक्रियाओं पर टिका होता है। यदि विपक्ष को वास्तव में लगता है कि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हुई है, मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं या चुनाव आयोग ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है तो इन आरोपों को केवल राजनीतिक मंचों तक सीमित रखने के बजाय न्यायालय में ठोस प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें आरोप लगाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की बजाय न्यायालय में चुनावी याचिका दायर करनी चाहिए। बता दें कि विपक्षी दलों खासकर इंडिया ब्लॉक ने एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए न्यायिक जांच और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की समीक्षा की मांग की है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप जरूरी है। हालांकि सवाल यह है कि यदि विपक्ष के साथ धोखा हुआ है या चुनाव में गड़बड़ी हुई तो वह सुप्रीम कोर्ट में चुनावी याचिका लेकर क्यों नहीं गया। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष होना जरूरी है। विपक्ष की भी उतनी ही बात सुनी जाए, जितनी सरकार की सुनी जाती है। लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता सर्वोपरि है। यदि इन संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाए जाते हैं, तो उनका असर केवल सरकार या विपक्ष तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के चुनावी व्यवस्था पर विश्वास को भी प्रभावित करता है। इसलिए ऐसे आरोप बेहद जिम्मेदारी के साथ लगाए जाने चाहिए। बिना पर्याप्त साक्ष्य के बार-बार संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाने से लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है और मतदाताओं के मन में अनावश्यक भ्रम पैदा होता है। विपक्ष ने जिन राज्यों में भाजपा जीती है, उनमें गड़बड़ी का जिक्र किया है लेकिन तमिलनाडु और केरल का जिक्र नहीं किया। क्योंकि वहां कांग्रेस को जीत मिली है। ऐसे में केवल पत्र लिखने या राजनीतिक बयान देने के बजाय कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेना अधिक प्रभावी और विश्वसनीय कदम होगा। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। आयोग को केवल निष्पक्ष होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका हर निर्णय निष्पक्ष दिखाई भी देना चाहिए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण, एसआईआर जैसी प्रक्रियाओं और चुनावी प्रबंधन में अधिकतम पारदर्शिता, स्पष्ट संवाद और समयबद्ध जवाबदेही आवश्यक है। इससे अनावश्यक विवादों और राजनीतिक अविश्वास की गुंजाइश कम होगी। लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों के संतुलन से चलता है। सीजेआई को पत्र लिखना न्यायिक रूप से दबाव डालने की कोशिश मानी जा सकती है, विपक्ष के पत्र पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के हस्ताक्षर भी हैं। वे इन तथ्यों को भली-भांति जानते भी हैं। एक मजबूत विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाता है, जबकि मजबूत संस्थाएं लोकतंत्र को स्थिरता देती हैं। इसलिए विपक्ष का दायित्व केवल प्रश्न उठाना नहीं, बल्कि उन प्रश्नों के समर्थन में विश्वसनीय तथ्य और प्रमाण भी प्रस्तुत करना है। वहीं, सरकार और चुनाव आयोग का दायित्व है कि वे हर आरोप का पारदर्शी और तथ्यात्मक उत्तर दें।



सफर

डॉ. ओपी त्रिपाठी

# बस यात्रियों की सुरक्षा कब होगी चाक-चौबंद

हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। हाल ही में दौसा के पास हुए जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

बीती 1 जुलाई को राजस्थान में दौसा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में स्लीपर बस ट्रेलर से टकरा गई थी, जिससे बस में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। ये कोई पहला हादसा नहीं है, जिसमें निर्दोष बस यात्रियों ने अपनी जान गंवाई हो। ड्राइवर की लापरवाही, यातायात संकेतकों का अभाव और तकनीकी खामियां मिलकर बसों को चलते-फिरते लाक्षागृह बना रही हैं। इस हादसे ने एक बार फिर बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों बार-बार बसों में आग लग जाती है? किन तकनीकी खामियों और लापरवाहियों से ऐसी घटनाएं होती हैं?

ये हादसा अकेला नहीं है। हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। अक्टूबर 2025 में राजस्थान के जैसलमेर में इलेक्ट्रिकल फेलियर से बस में आग लगी, जिसमें 22 लोग जलकर मर गए। उसी महीने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में मोटरसाइकिल से टक्कर के बाद बस आग की लपटों में झुलस गई, 19-25 लोगों की मौत हुई। मार्च 2026 में आंध्र प्रदेश के मारकापुरम में बस-टिपर की टक्कर के बाद आग में 13-14 लोग मारे गए। इन घटनाओं में कुल सैकड़ों मौतें और सैकड़ों घायल हुए हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। हमेशा की तरह दौसा के इस हादसे की जांच के भी रस्मी आदेश हुए हैं। जांच होगी तो कारण भी सामने आएंगे। जिम्मेदारी एक-दूसरे पर मढ़ने व दोषियों को बचाने के जतन भी होंगे। सड़क सुरक्षा के नाम पर अभियान भी चलेंगे। हर बार की तरह हादसों की रोकथाम के नए लक्ष्य तय होंगे, लेकिन जो सबसे ज्यादा जरूरी है, वे काम नहीं होंगे। क्या इस बात की कोई चिंता करेगा कि अब कोई बस सड़कों पर दौड़ते आग का गोला नहीं बनेंगी? राष्ट्रीय राजमार्गों पर गश्त को और प्रभावी करने के प्रयास होंगे। सभी यात्री बसों और खास तौर पर वातानुकूलित स्लीपर बसों में सुरक्षा के उपाय होंगे? क्या बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के किसी वाहन को सड़क पर आने दिया जाएगा? क्या नशे में और तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द करने के काम होंगे। क्या राजमार्गों के संकेतक जहां जरूरत है, वहां लगाए जा सकेंगे? ये तमाम सवाल ऐसे हैं, जिन्हें धरातल पर उतारना मुश्किल काम नहीं है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। दौसा के इस जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

जब जांच होगी तो सड़क निर्माण या यातायात संकेतकों की खामियां भी सामने आएंगी। देखा जाए तो यह महज एक हादसा नहीं बल्कि समूचे तंत्र की कमजोरियों व लापरवाहियों को आईना दिखाने वाला है। आग का शोला बनी बस में अपनों को खो चुके परिवारों के दर्द का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी दौसा



एक्सप्रेस वे पर पिछली फरवरी में ही कार ट्रेलर में जा घुसी थी और 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसों की सूची लम्बी है। सिर्फ इसी एक्सप्रेस वे की नहीं बल्कि समूचे प्रदेश की। कई वाहनों में ब्रेक, इंजन और वायरिंग से जुड़ी खामियां रहती है। ये खामियां ही हादसे के बाद आग लगने की वजह बनती है। ज्यादातर भीषण हादसों की वजह यह भी सामने आती है कि लम्बी दूरी से चलकर आए वाहन चालक को आराम का वक्त ही नहीं मिला। समय पर पहुंचने की पाबंदी सो अलग। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की बड़ी जरूरत है। सबसे पहले, सभी बसों (खासकर प्राइवेट इंटरसिटी स्लीपर बसों) में ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम अनिवार्य किए जाने चाहिए। इंजन बे, बैटरी और इलेक्ट्रिकल सर्किट में आग लगने पर तुरंत बुझाने वाली तकनीक बचाव का समय बढ़ा सकती है। बसों के इंटीरियर में फ्लेम-रिटार्डेड मटेरियल का इस्तेमाल अनिवार्य होना चाहिए, ताकि आग तेजी से न फैले। इमरजेंसी एग्जिट डोर और विंडो हमर को साफ-साफ मार्क करना चाहिए और हर यात्री को बोर्डिंग के समय सेफ्टी ब्रीफिंग दी जानी चाहिए। जाम होने वाले दरवाजों की समस्या से निपटने के लिए बेहतर डिजाइन और नियमित मेंटेनेंस जरूरी हैं। ड्राइवरों को फायर फाइटिंग ट्रेनिंग और स्पीड लिमिट का सख्ती से पालन कराया जाना चाहिए। एक्सप्रेस वे पर रात के समय लंबी दूरी की बसों के लिए ज्यादा सख्त मॉनिटरिंग होना अब जरूरी हो गया है। अगर ये उपाय समय रहते अपनाए जाते, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती थीं। सरकार, परिवहन विभाग और बस ऑपरेटर्स को मिलकर सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। केवल जांच और मुआवजे से काम नहीं चलेगा, व्यवस्थागत बदलाव जरूरी हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर' यानी शुरुआती एक घंटे में घायलों को उपचार मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है। लेकिन राजमार्गों पर ट्रोमा सेंटर तो दूर एम्बुलेंस सेवाएं, फायर ब्रिगेड तक की मदद देर से पहुंचती है। सड़क किनारे अवैध ढाबे, अतिक्रमण, बिना अनुमति बने कट एक्सप्रेस-वे पर बेतरतीब पेचवर्क और बीच सड़क पार्क किए जाने वाले वाहन भी जानलेवा साबित होते हैं। राजस्थान ही नहीं, देश भर से आए दिन ऐसे हादसों की खबरें आती रहती हैं। यूपी रोडवेज यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। अब यदि चलती बस में किसी कारण से आग लगती है तो उसे बुझाने के लिए चालक या परिचालक के हस्तक्षेप का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

बस में लगा अत्याधुनिक सिस्टम खुद ही सक्रिय होकर आग पर काबू पाने का काम करेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम रोडवेज ने बसों में ऑटोमेटिक वाटर मिस्ट फायर सप्रेशन सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह आधुनिक तकनीक पूरी तरह सेंसर आधारित है। बस में लगे विशेष हीट और स्मोक डिटेक्टर किसी भी असामान्य स्थिति को तुरंत पहचान लेंगे। अगर तापमान 68 से 70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है या आग की शुरुआती चिंगारी और धुएं का संकेत मिलता है, तो सिस्टम स्वतः सक्रिय हो जाएगा। इसके लिए किसी व्यक्ति द्वारा अलग से कोई बटन दबाने की आवश्यकता नहीं होगी। जाहिर है आपातकालीन सेवाओं को भी मजबूत करना होगा। दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स तय करना ही काफी नहीं, इनकी पहचान कर वहां चेतावनी संकेत, कैमरे और रोशनी का पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। हादसों पर शोक जताना अब पर्याप्त नहीं। अगर सरकार और प्रशासन ने तुरंत कठोर कदम नहीं उठाए तो हर नई बस, नया राजमार्ग मौत की नई पटकथा लिखेगा।

(लेखक चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि पर विशेष

हर्षवर्धन पान्डे



# स्वामी विवेकानंद : युवा शक्ति के प्रेरणा पुंज

विवेकानन्द जिन्हें उस दौर में नरेन्द्रनाथ नाम से पुकारा जाता था, एक ऐसा नाम है जिन्होंने करिश्माई व्यक्तित्व के किरदार को एक दौर में जिया। आज भी लोग गर्व से उनका नाम लेते हैं और युवा दिलों में वह एक आयकन की भांति बसते हैं। इतिहास के पन्नों में विवेकानंद का दर्शन उन्हें एक ऐसे महाज्ञानी व्यक्तित्व के रूप में जगह देता है, जिसने अपने ओजस्वी विचारों के द्वारा दुनिया के पटल पर भारत का नाम बुलंदियों के शिखर पर पहुंचाया। उनके द्वारा दिया गया वेदान्त दर्शन भारतीय दर्शन की एक अनमोल धरोहर है। अपने गुरु के नाम पर विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन तथा रामकृष्ण मठ की स्थापना की। विश्व में भारतीय दर्शन विशेषकर वेदांत और योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, साथ ही राष्ट्रवाद को अध्यात्म से जोड़ने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में विश्वनाथ और भुवनेश्वरी देवी के घर हुआ था। बचपन में इनका नाम नरेन्द्रनाथ था। ये काफी चंचल प्रवृति के थे। उनकी माता भगवान की अनन्य उपासक थी, लिहाजा मां के सानिध्य में वह भी ईश्वर प्रेमी हो गए। बचपन में विवेकानंद की मां इन्हें रामायण की कहानी सुनाती थी तो इसको यह बड़ी तन्मयता से सुनते थे। रामायण में हनुमान के चरित्र ने उस दौर में इनके जीवन को खासा प्रभावित किया, साथ ही अपनी मां की तरह वह भी शिवशंकर के अनन्य भक्त हो गए। कई बार वह शिव से सीधा साक्षात्कार करते मालूम पड़ते थे और अपनी मां से कहा करते कि उनमें शंकर का वास है। यह सब सुनकर इनकी मां चिंतित हो उठती कि उनका यह बेटा




कहीं बाबा संन्यासी न बन जाए। बचपन से ही नरेन्द्रनाथ पढ़ाई लिखाई में रुचि लेने लगे।

पढ़ाई में यह अव्वल दर्जे के छात्र थे। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जो एक बार यह पढ़ लेते उसे कभी भूलते नहीं थे। युवावस्था में उन्हें पाश्चात्य दार्शनिकों के निरीश्वर भौतिकवाद तथा ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ भारतीय विश्वास के कारण गहरे द्वंद्व से गुज़रना पड़ा। परमहंस जैसे जौहरी ने इस रत्न को परखा। उन दिव्य महापुरुष के स्पर्श ने नरेन्द्र को बदल दिया। इसी समय उनकी भेंट अपने गुरु रामकृष्ण से हुई, जिन्होंने पहले उन्हें विश्वास दिलाया कि ईश्वर वास्तव में है और मनुष्य ईश्वर को पा सकता है। रामकृष्ण ने सर्वव्यापी परमसत्य के रूप में ईश्वर की सर्वोच्च अनुभूति पाने में नरेंद्र का मार्गदर्शन किया और उन्हें शिक्षा दी कि सेवा कभी दान नहीं, बल्कि सारी मानवता में निहित ईश्वर की सचेतन आराधना होनी चाहिए। यह उपदेश विवेकानंद के जीवन का प्रमुख दर्शन बन गया। उस शक्तिपात के कारण कुछ दिनों तक नरेन्द्र उन्मत्त-से रहे। उन्हें गुरु ने आत्मदर्शन करा दिया था। 25 वर्ष की अवस्था में नरेन्द्रदत्त ने भगवा वस्त्र को धारण किया। अपने गुरु से प्रेरित होकर नरेंद्रनाथ ने संन्यासी जीवन बिताने की दीक्षा ली और स्वामी विवेकानंद के रूप में दुनिया में जाने गए। जीवन के आलोक को जगत के अन्धकार में भटकते प्राणियों के समक्ष उन्हें उपस्थित करना था। स्वामी विवेकानंद ने पैदल ही पूरे भारत की यात्रा की। विवेकानंद का मानना था कि जीवन में सफल होने के लिए अच्छा गुरु मिलना जरूरी है क्योंकि गुरु ही अन्धकार से ज्ञान के प्रकाश की तरफ ले जाता है। परमहंस की दी हुई हर शिक्षा को विवेकानंद ने अपने जीवन में न केवल उतारा, बल्कि लोगों को भी इसके जरिये कई सन्देश दिए जिसने आगे बढ़ने की राह खोली। 11 सितंबर 1893 के उस दिन उनके अलौकिक तत्वज्ञान ने पाश्चात्य जगत को चौंका दिया। अमेरिका ने स्वीकार कर लिया कि वस्तुतः भारत ही जगद्गुरु था और रहेगा। स्वामी विवेकानन्द ने वहां भारत और हिन्दू धर्म की भव्यता स्थापित करके ज़बरदस्त प्रभाव छोड़ा।

उस दौर में भारत के प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी इन्ही के कंधों पर थी। स्वामी विवेकानन्द के अनुसार वास्तविक धर्म किसी समाज, जाति, नस्ल, वंश, स्थान और समय तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका लक्ष्य सामाजिक कल्याण है। स्वामी विवेकानंद के अनुसार नैतिकता और धर्म एक ही हैं और इन मूल्यों से ओतप्रोत शिक्षा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में सहायक है। 4 जुलाई 1902 को उनका देहावसान हो गया। बेहतर होगा कि युवा पीढ़ी उनके विचारों से कुछ सीखे और उनको आयकन बनाने के बजाए उनकी शिक्षा को अपने में उतारे और प्रगति पथ पर चले।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जो अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित

दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अमरनाथ यात्रा को सुरक्षा प्रदान करना जरूरी

अमरनाथ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। हर वर्ष देश के अलग अलग राज्यों से लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए कठिन पहाड़ी मार्ग से गुजरते हैं। इस यात्रा का महत्व जितना धार्मिक है उतना ही राष्ट्रीय भी है क्योंकि यह यात्रा जम्मू कश्मीर में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले सबसे संवेदनशील आयोजन मानी जाती है। इसी कारण प्रशासन, सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कई महीने पहले से इसकी तैयारी शुरू कर देती हैं। इस वर्ष भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है और पंजीकरण केंद्रों पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

- सुलक्षणा, जींद

### ट्रेंड

#### अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ जी की यात्रा सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा, दृढ़ धैर्य, संयम और अदम्य साहस का पवित्र प्रतीक है। बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

#### मणिपुर जल रहा



मणिपुर वर्षों से जल रहा है। आज फिर नफरत और हिंसा की आग में 20 घर राख हो गए। दो सरकारों और राष्ट्रपति शासन के बावजूद, संघर्ष और गहराता जा रहा है। हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई है, मणिपुर जिस असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है, उसकी कल्पना भी करना मुश्किल है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

#### भाजपा



यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिल्ली के हर निवासी को नई ईवी पॉलिसी का फायदा मिले, आज हमने पोर्टल लॉन्च किया है। अब आप घर बैठे ईवी सब्सिडी और दूसरे इंसेंटिव के लिए अप्लाई कर सकते हैं, रियल-टाइम में स्टेटस ट्रैक कर सकते हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

#### पूजा सिंघल का मामला



"चरित्र संगति से बनता है, चरित्र संगति के साथ बिगड़ता है।" पूजा सिंघल का मामला, जिन्हें कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े अभियान का प्रतीक माना जाता था, अब सत्ता के मंच पर दिखाई दे रही हैं, स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े करता है।

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर


# मोल्दोवा के पीएम का इस्तीफा सरकार पर संकट गहराया



मोल्दोवा के प्रधानमंत्री एलेक्जेंड्रु मुंटेनु ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। मुंटेनु के इस अप्रत्याशित कदम से सरकार पर संकट गहरा गया है। हालांकि, उन्होंने अपने इस्तीफे का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। मुंटेनु का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब यूरोपीय संघ की सदस्यता के उम्मीदवार इस देश में नेतृत्व संभाले उन्हें एक वर्ष से भी कम समय हुआ था। मुंटेनु ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, आज (शुक्रवार को) मैं प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त कर रहा हूं। जिस क्षण मुझे यह महसूस हुआ कि मैं अब अपने सिद्धांतों और विश्वासों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर सकता, मैंने पद छोड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री पद बड़ी जिम्मेदारी और इस मजबूत विश्वास के साथ स्वीकार किया था कि मैं परिस्थितियों को बेहतर बनाने में योगदान दे सकता हूं। मोल्दोवा में जब कोई प्रधानमंत्री अपने इस्तीफे की घोषणा करता है, तो वह तुरंत प्रभाव से लागू हो जाता है लेकिन नई मंत्रिपरिषद के गठन तक कार्यवाहक सरकार काम करती रहती है। मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सांदु ने मुंटेनु के इस्तीफे के बाद प्रेस में जारी एक बयान में मोल्दोवा के लिए 'जटिल दौर' के दौरान मुंटेनु के नेतृत्व के लिए उनका धन्यवाद किया।

## ऑफ बीट

# आखिर तारा कहलाने की कसौटी क्या है



पृथ्वी से करीब 1,350 प्रकाश वर्ष दूर टीओआई-2155 नाम का एक तारा है। यह सूर्य से थोड़ा बड़ा, अधिक भारी और ज्यादा गर्म है लेकिन यह अपने आप में न तो विशेष रूप से रोचक है और न ही असामान्य। लेकिन टीओआई-2155 की परिक्रमा कर रही एक वस्तु वास्तव में बेहद दिलचस्प है। इसे टीओआई-2155बी कहा जाता है और यह तारे से काफी छोटी है। इसके बारे में हमें तब पता चलता है जब यह छोटी चीज अपने मुख्य तारे के सामने से गुजरती है और तारे की रोशनी में बहुत मामूली बदलाव होते हैं। टीओआई-2155बी आखिर क्या है? एक छोटा तारा, एक विशाल ग्रह या फिर दोनों के बीच की कोई वस्तु? अभी यह स्पष्ट नहीं है कि टीओआई-2155बी को पूरी तरह तारा माना जा सकता है या नहीं। तारे अंतरिक्ष में मौजूद गैस के विशाल पिंडों के रूप में बनना शुरू होते हैं लेकिन गैस का कोई पिंड कितना बड़ा और भारी होना चाहिए कि वह तारा बन सके? यह सवाल सरल लगता है लेकिन खगोलविद इसके जवाब पर दशकों से बहस करते रहे हैं। किसी तारे के भीतर गुरुत्वाकर्षण का दबाव इतना अधिक होना चाहिए कि वह हाइड्रोजन परमाणुओं को आपस में मिलाकर हीलियम परमाणुओं में बदल सके और यह प्रक्रिया लंबे समय तक लगातार जारी रहे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# गोलपोस्ट के 'सुपरमैन' साइमन, विश्व कप में 519 मिनट तक नहीं टूटा किला

## 36 साल बाद टूटा विश्व कप का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन ने विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में सबसे लंबे समय तक गोल न खाने का 36 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रिया के खिलाफ 3-0 की जीत में मौजूदा विश्व कप में लगातार चौथी बार क्लीन शीट (एक भी गोल नहीं खाना) हासिल की। साइमन के इस रिकॉर्ड की शुरुआत पिछले विश्व कप से हुई थी और उन्होंने अभी तक विश्व फुटबॉल के सर्वोच्च मंच पर 519 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया है। इस तरह से उन्होंने इटली के मशहूर गोलकीपर वाल्टर ज़ेंगा का 1990 में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने तब लगातार 517 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया और पांच मैचों में लगातार क्लीन शीट रखीं थी।साइमन को मौजूदा विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर में शामिल नहीं किया गया लेकिन इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शानदार खेल से विश्व कप की रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कर दिया। स्पेन ने इस विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है, और उसके गोलकीपर को केवल चार बचाव करने पड़े हैं। ऑस्ट्रिया के खिलाफ एक भी नहीं, जिसने अपने पांचों शॉट लक्ष्य पर नहीं मारे।

### साइमन का शानदार प्रदर्शन

साइमन और स्पेन ने 2022 में कतर में खेले गए विश्व कप में चार मैचों में सिर्फ तीन गोल खाए, फिर भी उन्हें टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होना पड़ा था। साइमन का गोल न खाने की यह सिलसिला स्पेन की जापान से 2-1 की हार के दौरान शुरू हुआ और मोरक्को के साथ गोलरहित ड्रॉ तक जारी रहा। मोरक्को ने तब पेनल्टी शूटआउट में साइमन के खिलाफ अपने चार पेनल्टी में से तीन को गोल में बदलकर स्पेन को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

**कोच की पहली पसंद :** स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा, 'मुझे उस पर गर्व है। मुझे लगता है कि वह मेरे परिवार का सदस्य है।

# पुर्तगाल और क्रोएशिया के मैच में विवाद, फैंस ने फेंकी बोतलें

## हार के बाद छलके क्रोएशियाई खिलाड़ियों के आंसू



**टोरंटो।** गोनकालो रामोस ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में राफेल लीओ के पास पर हेडर से गोल किया, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी किक को गोल में बदला, जिससे पुर्तगाल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्रोएशिया को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में प्रवेश किया। अंतिम सीटी बजने से पहले मैच विवादों में घिर गया क्योंकि क्रोएशिया को लगा कि उसने आखिरी क्षणों में स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया है, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद मारियो पासालिच को ऑफसाइड करार दिया और गोल को अमान्य घोषित कर दिया गया। क्रोएशिया के प्रशंसकों ने मैदान पर बोतलें फेंकीं और विरोध में सीटी बजाई।

### रोनाल्डो का विश्व कप नॉकआउट में पहला गोल

क्रोएशिया ने 53वें मिनट में इवान पेरिसिच के गोल से बढ़त बनाई, जो उन्होंने जोसिप सानिसिच के क्रॉस पर किया था। रोनाल्डो ने पहले 68वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके स्कोर बराबर किया, जो विश्व कप में नॉकआउट चरण का उनका पहला गोल था। लेकिन पुर्तगाल की जीत के नायक रामोस रहे, जिन्होंने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में तब गोल किया जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा।



# स्पेन का कलात्मक खेल, 16 साल बाद नॉकआउट में एंट्री


## ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर स्पेन ने किया अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

मिकेल ओयार्ज़बल के दो गोल की मदद से खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर 2010 में चैंपियन बनने के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में कोई मैच जीता। ओयार्ज़बल ने 36वें और 89वें मिनट में गोल किए। इस बीच पेड्रो पोरो ने 66वें मिनट में गोल किया, जिससे स्पेन मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक का अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन करने में सफल रहा। उसने गेंद पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा और अपने आक्रामक और कलात्मक खेल का अच्छा नमूना पेश किया। स्पेन के खिलाफ मौजूदा विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं हुआ है। ऑस्ट्रिया की टीम गोल पर एक भी शॉट नहीं लगा पाई। इस तरह से स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन लगातार चौथे मैच में क्लीन शीट (मैच में कोई गोल नहीं खाना) हासिल करने में सफल रहे।

### हमने अच्छा मैच खेल दिखाया : ओयार्जाबल

ओयार्जाबल ने मैच के बाद कहा, 'मुझे खुशी है कि मैंने टीम को अगले दौर में पहुंचाने में मदद की। अब थोड़ा आराम करके अगले मैच के लिए तैयार होना है। यह मुश्किल मैच था। हम जानते थे कि एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलना कठिन होगा, लेकिन हमारा दिन बहुत अच्छा रहा और हमने अच्छा मैच खेल दिखाया।'



# एम्बोलो ने दागा 26वां अंतरराष्ट्रीय गोल घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया जश्न


एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

ब्रिल एम्बोलो और डैन एनदोये के गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने अल्जीरिया को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई।

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे योहान मंजाम्बी गेंद लेकर दाहिनी ओर से तेजी से आगे बढ़े और उन्होंने एम्बोलो को शानदार क्रॉस दिया। एम्बोलो को उस पर गोल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। एम्बोलो ने अपने 26वें अंतरराष्ट्रीय गोल का जश्न घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया।(स्विट्जरलैंड अगला मुकाबला कोलंबिया और घाना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। राउंड ऑफ 16 का मैच अगले मंगलवार को वैंकूवर में खेला जाएगा।

स्विट्जरलैंड ने 1938 में फ्रांस में खेले गए विश्व कप के बाद नॉकआउट राउंड का कोई मैच नहीं जीता था, लेकिन 1954 में उसकी टीम ने प्लेऑफ मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। स्विट्जरलैंड की टीम पिछले तीन विश्व कप में अंतिम 16 में पहुंची थी लेकिन इससे आगे बढ़ने में नाकाम रही।

## खबर संक्षेप



### कनाडा ओपनः आकर्षि, तान्या बाहर, भारतीय चुनौती खत्म

**मार्खम।** तान्या हेमनाथ और आकर्षि कश्यप की कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में हार के साथ भारतीय चुनौती का अंत हो गया। तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की रिको गुनजी ने तान्या हेमनाथ को महज 31 मिनट में सीधे गेमों में 21-11, 21-11 से पराजित किया। आकर्षि ने चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग को कड़ी टक्कर दी, लेकिन एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 20-22, 21-17, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले तान्या ने शुरुआती दौर में अमेरिका की दिशा गुप्ता को जबकि आकर्षि ने फ्रांस की अन्ना तात्रानोवा को शिकस्त देकर अगले दौर में जगह बनाई थी।



### बेंगलुरु में हो सकता है 'ग्लोबल चेस लीग'

**बेंगलुरु।** 'ग्लोबल चेस लीग' के एक प्रतिनिधिमंडल ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री और खेल मंत्री जी. परमेश्वर से मुलाकात कर लीग के चौथे चरण का आयोजन बेंगलुरु में कराने पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया की प्रमुख शतरंज लीग में से एक 'ग्लोबल चेस लीग' को बेंगलुरु में आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की और इसके लिए युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग से सहयोग का अनुरोध किया। बैठक में 'ग्लोबल चेस लीग' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) गौरव रक्षित, अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी प्रचुरा पीपी और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# फाइनल में इंग्लैंड, चोटिल कप्तान साइवर-ब्रंट ने खेली तूफानी पारी

## महिला टी20 विश्व कप : इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 40 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

कप्तान नैट साइवर-ब्रंट की चोट के बावजूद खेली गई 75 रन की शानदार पारी की मदद से इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 40 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना चिर प्रतिद्वंदी ऑस्ट्रेलिया से होगा। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 23 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद साइवर-ब्रंट और पूर्व कप्तान हीथर नाइट (58) ने चौथे विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 8 विकेट पर 129 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज तंजमीन ब्रिट्स ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए चार्ली डीन और लॉरेंन बेल ने दो-दो विकेट लिए।



रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ंत

### मारिजान काप ने बनाए केवल 5 रन

दक्षिण अफ्रीका की उम्मीद मारिजान काप पर टिकी थी लेकिन टूर्नामेंट में अब तक अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह ऑलराउंडर केवल पांच रन ही बना सकी। उनके आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की उम्मीद भी खत्म हो गई। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है। यह 2010 के बाद पहला अवसर है जबकि दोनों टीम अजेय रहकर फाइनल में पहुंची हैं। फाइनल रविवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

*प्रतियोगिता 17 तक जकार्ता में होगी*

# अंडर-19 और अंडर-23 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल रवाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

## हरियाणा के 18 मुक्केबाज दिखाएंगे दम

अंडर-19 और अंडर-23 एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम जकार्ता के लिए रवाना हो गई है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 17 जुलाई तक जकार्ता में आयोजित की जाएगी, जिसमें दोनों आयु वर्गों में देश भर के कुल 40 शीर्ष मुक्केबाज भारतीय चुनौती पेश करेंगे। हमेशा की तरह इस बार भी भारतीय दल में हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा साफ नजर आ रहा है। इस पूरी प्रतियोगिता में अकेले हरियाणा के 18 खिलाड़ी रिंग में देश के लिए पदक जीतने के इरादे से उतरेंगे। खिलाड़ियों के वर्गीकरण की बात करें तो अंडर-23 वर्ग में हरियाणा के कुल 10 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें सात लड़के और तीन लड़कियां हैं। वहीं, अंडर-19 वर्ग में राज्य के आठ खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे, जिसमें पांच लड़कियां और तीन लड़के शामिल हैं। खिलाड़ियों के नामों पर नजर डालें तो अंडर-19 पुरुष वर्ग में आदित्य, सिकंदर और लोकेश भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे, जबकि लड़कियों में गुंजन, चाहत, वंशिका, अंशिका और मेघा रिंग में अपना कौशल दिखाएंगी। इसके साथ ही अंडर-23 पुरुष वर्ग में सागर, वंशज, हितेश, नीरज, हेमंत और ईशान को टीम में जगह मिली है, जबकि महिला वर्ग में प्राची, नैना और गंगा मुक्केबाजी में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### देश के लिए रिकॉर्ड पदक जीतेंगे : मेजर सत्यपाल सिंधु



*हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने सभी चयनित मुक्केबाजों को बधाई दी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह बेहद गर्व का विषय है कि देश के 40 सदस्यीय दल में से अकेले 18 खिलाड़ी हरियाणा से हैं। यह मुक्केबाजों की कड़ी मेहनत और कोचों के सटीक मार्गदर्शन का ही नतीजा है। मेजर सिंधु ने उम्मीद जताई कि हरियाणा के ये होनहार मुक्केबाज अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए देश के लिए रिकॉर्ड पदक जीतेंगे और जकार्ता में तिरंगा लहराकर राज्य व देश का नाम रोशन करेंगे।*

# ग्रैंड शतरंज टूर : सफेद मोहरों से गुकेश ने अंतिम गेम में अनीश को हराया

एजेंसी ▶▶| जाग्रेब

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अपने सफेद मोहरों का अच्छा उपयोग करते हुए दिन के अंतिम गेम में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया और ग्रैंड शतरंज टूर के ज़ाग्रेब चरण के दूसरे दिन के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। ईरान के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 12 में से 10 अंक हासिल करके अपनी बढ़त तीन अंक तक पहुंचा दी है। जर्मनी के विन्सेंट कीमर, फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, रोमानिया के डिएक बोगदान-डैनियल और गुकेश के समान सात अंक हैं और वह संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। भारत के आर प्रज्ञाननंदा, गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधा अंक पीछे हैं, जबकि क्रोएशिया के इवान सारिक और नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट सिर्फ दो-दो अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।



### प्रज्ञाननंदा को गलती करना पड़ा भारी

प्रज्ञाननंदा के लिए दिन और भी बेहतर हो सकता था, लेकिन आखिर में उन्हें अलीरेज़ा के खिलाफ एक गलती भारी पड़ी और आखिर में वह हार गए। प्रज्ञाननंदा ने फोरेस्ट के खिलाफ दिन का पहला गेम जीता था।

# सूर्यवंशी के डेब्यू की बढ़ती मांग, सैमसन की फॉर्म पर सस्पेंस

■ आज शाम 7 बजे से मुकाबला

**मैनचेस्टर।** वैभव सूर्यवंशी के पदार्पण की बढती मांग के बीच इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार 4 जुलाई को दूसरे टी20 मैच में संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा, जो इस दौरे पर लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, जिसमें भारत ने अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की मदद से 7 विकेट पर 189 रन बनाए थे। अगले कुछ मैचों में फोकस सैमसन पर रहेगा कि वह सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका दिए जाने की बढती मांग के बीच अपनी उपयोगिता साबित कर पाते हैं या नहीं। भारत की टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के सूत्रधार रहे सैमसन को कम से कम एक साल तक मौका दिया जा सकता था लेकिन अब जबकि भारतीय क्रिकेट को सूर्यवंशी के रूप में एक असाधारण प्रतिभाशाली क्रिकेटर मिल गया है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | बड़ा पार्क जुलाना में दिव्यांग पार्क का निर्माण/स्थापना + 17 कार्य। | 30.06.2026 13.07.2026 | 2,15,87,744 | https://etenders.hry.nic.in | 01683-275733 secyjulana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46833/I/88/6 दि. 03.07.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | लघु सचिवालय, हिसार में चतुर्थ तल पर राजस्व आईटी लैब की स्थापना (ई.आई. आंतरिक और ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 02.07.2026 09.07.2026 | 44.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव संघान में राजकीय वेटरीनरी डिस्पेंसरी। | बंद होने की तिथि 08.07.2026 | 25.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 3 | वन विभाग भिवानी | भिवानी और तोशाम रेंज में पौधों के रखरखाव हेतु निविदा। | 22.06.2026 08.07.2026 | 132.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242430 dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | लोहारू कैनाल के पम्प हाउस नं. 1 पर 35 सीएस वीटी पम्प के 05 अदद एमएस डिलीवरी पाइप की आपूर्ति व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 08.07.2026 | 7.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 5 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल हेतु चिकित्सा उपकरण अर्थात स्लाइड कैबिनेट (क्षमता-20000) के लिए ई-निविदा। | 07.07.2026 22.07.2026 | ईएमडी 8000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण चरखी दादरी | गांव - घसोला में परकोलेशन तालाब कार्य, गांव भागवी में 2 अदद तालाब और गांव- अटेला कलां, जिला चरखी दादरी में रैम्प/इनलेट का पुनरोद्धार। | 03.07.2026 10.07.2026 | ईएमडी 37,773/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466627716 ascodadri@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण चरखी दादरी | गांव पैंतावास खुर्द, चरखी दादरी में रिटेनिंग वॉल और तालाब का पुनरोद्धार। | 03.07.2026 10.07.2026 | ईएमडी 54,698/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466627716 ascodadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/140/46831/I/88/6 दि. 03.07.26




# तेहरान में शुरू हुई खामनेई की सात दिन की अंतिम यात्रा

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर सैय्यद आयतुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम यात्रा में भारत समेत करीब 40 देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी और लाखों-करोड़ों लोगों की भीड़ को तेहरान अपनी ताकत और वैश्विक समर्थन के प्रदर्शन के तौर पर पेश कर रहा है। करीब चार महीने पहले निधन के बाद 3 जुलाई को पहली बार अली खामेनेई का पार्थिव शरीर आम लोगों के बीच लाया गया। तेहरान के मोसल्ला परिसर में अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्यों के ताबूत रखे गए हैं। इसके साथ ही उनकी सात दिन की अंतिम यात्रा शुरू हो गई। यह यात्रा ईरान और इराक के पांच शहरों से होकर लगभग 3,000 किलोमीटर का सफर तय करेगी और ईरान के मशहद शहर में समाप्त होगी, जहां उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।



## भारत ने पेश की खिराज-ए-अकीदत

'हरिभूमि' द्वारा पूछे गए एक प्रश्न में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत की ओर से बिहार के राज्यपाल (सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल) सैय्यद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा अंतिम संस्कार में शामिल हुए हैं। वहीं, कांग्रेस की ओर से विदेश विभाग के प्रमुख और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने भी खिराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की। उनके साथ ईसाई और हिंदू धर्म गुरु भी नजर आए।

# चार चीनी फर्मों को भारत में फैक्ट्री लगाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत ने देश में फैक्ट्री चलाने वाली चार चीनी पावर इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनियों को अहम पावर प्रोजेक्ट्स के लिए सरकारी टेंडर में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है। एक सरकारी आदेश से इसका पता चलता है। चीनी कंपनियों को सरकारी टेंडर में हिस्सा लेने की मंजूरी देना भारत की पॉलिसी में नरमी का सीधा संकेत है। इस फैसले का मतलब यह है कि सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की आर्थिक जरूरतों के बीच एक व्यावहारिक संतुलन बनाने की कोशिश की है। भारत के वित्त मंत्रालय के 24 जून के आदेश (जिसे रॉयटर्स ने देखा है) के मुताबिक, टीबीईए एनर्जी, नानजिंग इलेक्ट्रिक इंडिया, न्यू नॉर्थईस्ट इलेक्ट्रिक इंडिया और ताइकाई इलेक्ट्रिक (इंडिया) को टेंडर में हिस्सा लेने की इजाजत होगी। दस्तावेज के अनुसार, भारत के बिजली मंत्रालय ने जनवरी में उन कंपनियों के लिए छूट मांगी थी जिनके पास भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं और जो अहम पावर प्रोजेक्ट्स से जुड़ी हैं। रॉयटर्स ने जनवरी में रिपोर्ट दी थी कि सीमा पर तनाव कम होने के साथ भारत सरकारी कॉन्ट्रैक्ट के लिए चीनी बोलीदाताओं को और छूट देने पर विचार कर रहा था।

**2020 से चीनी कंपनियों के लिए सख्त हो गए थे नियम**

2020 में सीमा पर हुई झड़प के बाद से नई दिल्ली ने चीनी बोलीदाताओं के लिए किसी भी सरकारी कॉन्ट्रैक्ट के लिए मुकाबला करने से पहले सरकारी पैनल के पास रजिस्ट्रेशन कराने और राजनीतिक व सुरक्षा मंजूरी लेने को जरूरी बना दिया था।

# ई20 पर सरकार का स्पष्टीकरण

- **पानी की खपत, इंजन को नुकसान, बीमा और पर्यावरणीय दावों को किया खारिज**
- **सोशल मीडिया में फैल रही गलत सूचनाओं का खंडन किया**

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को देश के ई20 इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम पर सोशल मीडिया में फैल रही गलत सूचनाओं का खंडन किया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 10 सूत्री स्पष्टीकरण जारी किया। मंत्रालय ने पानी के अत्यधिक इस्तेमाल, इंजन को नुकसान, बीमा अमान्य होने और पर्यावरणीय नुकसान जैसे दावों को खारिज किया है। यह कार्यक्रम पेट्रोल में 20 फीसदी तक इथेनॉल मिलाने जुड़ा है। मंत्रालय ने बताया कि यह कार्यक्रम वैज्ञानिक अध्ययनों, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और नियामकीय सुरक्षा उपायों पर आधारित है। मंत्रालय ने एक लीटर इथेनॉल उत्पादन में 10,000 लीटर पानी की खपत के दावे को भी गलत बताया। मंत्रालय ने कहा कि इथेनॉल डिस्टिलरी प्रति लीटर इथेनॉल के लिए लगभग तीन से पांच लीटर पानी का उपयोग करती हैं। ये डिस्टिलरी पानी को फिर से इस्तेमाल करने से जुड़ी प्रणाली का तेजी से संचालन कर रही हैं। वाहनों से जुड़ी चिंताओं पर मंत्रालय ने कहा कि ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) ने परीक्षण किए हैं। मंत्रालय ने यह दावा भी खारिज किया कि ई20 ईंधन के उपयोग से वाहनों की वारंटी या बीमा कवरेज रद्द हो सकती है। भारत ने दिसंबर 2025 में पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल कर लिया है।

# आगरा में पति को जहरीली खीर खिलाकर बाथरूम में गाड़ा

- **45 दिन तक लापता होने का नाटक करती रही**

**आगरा।** आगरा के सिकंदरा के दहतोरा में महिला ने शराब पीकर झगड़ा करने से तंग आकर पति सुरेंद्र (44) की हत्या कर दी। इसके बाद शव बाथरूम में दफना दिया और मिस्त्री को बुलाकर फर्श बनवा दिया। पुलिस के अनुसार, खीर में 20 से अधिक नींद की गोलियां मिलाकर हत्या की गई। हत्या के डेढ़ माह बाद पुलिस बुधवार को एक पुराने मामले में सत्यापन के लिए सुरेंद्र के घर पहुंची तो पत्नी रूबी घबरा गई। शुक्रवार को उसने अपने जेठ अनिल को बुलाया और घटना की जानकारी दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फर्श खोदकर सुरेंद्र का कंकाल बरामद करते हुए रूबी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में अनिल ने बताया कि छोटा भाई सुरेंद्र कुछ काम नहीं करता था। रोज शराब पीने के कारण आए दिन पत्नी से उसका झगड़ा होता रहता था। 18 मई को रूबी ने फोन कर बुलाया और कहा कि पुलिस दबिश दे रही है, इसलिए मां और बच्चियों को अपने घर ले जाओ। घर पहुंचकर मां और भतीजियों को अपने घर ले आए। दूसरे दिन रूबी भी आ गई। बताया कि सुरेंद्र तीन हजार रुपये लेकर कहीं चले गए हैं। मोबाइल भी घर छोड़कर गए हैं। उन्हें उसकी बातों पर शक हुआ। इसके बाद रूबी ने 26 मई को प्राची टावर चौकी पर जेठ के साथ पहुंचकर पति की गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस तलाश के लिए रेणुका धाम कॉलोनी भी पहुंची। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। पुलिस के आने पर रूबी रोने लगती थी। एक सप्ताह पहले अनिल के कहने पर रूबी अपने घर आ गई थी।

# चोरी किया हीरे का हार पहनकर रील बनाने वाली नौकरानी पकड़ी

**एक साल बाद चोरी का खुलासा इंस्टा पर मालकिन ने देखा, तब पकड़ी गई**



**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में पिछले साल हुई लाखों रुपये के हीरे और सोने के आभूषणों की चोरी का हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ है। जिस चोरी का एक साल तक कोई सुराग नहीं मिल पाया था, उसका राज इंस्टाग्राम पोस्ट ने खोल दिया। घर की पूर्व घरेलू सहायिका ने चोरी किए गए हीरे के हार को पहनकर रील सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लाखों रुपये के कीमती आभूषण बरामद कर लिए।

**यूं हुआ खुलासा**

मामला राजपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्रीन आईटी पार्क का है। पीड़िता नितिशा वत्स के घर से करीब एक साल पहले हीरे का हार और सोने के अन्य कीमती आभूषण गायब हो गए थे। शुरुआत में परिवार को लगा कि गहने कहीं रखकर भूल गए होंगे या किसी रिश्तेदार को दिए होंगे। घर में काम करने वाली घरेलू सहायिका विमला ने भी यही बात कहकर उनका भरोसा जीत लिया, जिससे उस पर किसी को शक नहीं हुआ।

## सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम

# डीएसी की बैठक में 52,000 करोड़ रुपये की रक्षा खरीद को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सशस्त्र सैन्य बलों को और अधिक आधुनिक व शक्तिशाली बनाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में लगभग 52,000 करोड़ रुपए की पूंजीगत रक्षा खरीद परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी (एओएन) प्रदान की गई। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृत इन प्रस्तावों का उद्देश्य तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता, निगरानी व्यवस्था, वायु रक्षा और भविष्य के युद्ध क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की तैयारी को मजबूत करना है।



**ये खरीदे जाएंगे**

- एंटी-ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली 'आकाश तरंग'
- मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम
- जेट आधारित कामिकाजे ड्रोन प्रणाली

डीएसी ने भारतीय सेना के लिए कई महत्वपूर्ण प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी है। डीएसी की इस मंजूरी को भारत की रक्षा आधुनिकीकरण प्रक्रिया और आत्मनिर्भरता अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन प्रणालियों के शामिल होने से तीनों सेनाओं की युद्धक तैयारी, तकनीकी श्रेष्ठता और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 40 की मौत



**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, पेशावर जा रही बस बलूचिस्तान के शेरानी जिले को पार करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में प्रवेश कर रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ।

# इबोला से अब तक 400 से ज्यादा हुई मौतें

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देशों के लिए इबोला संक्रमण गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ (आईएनएसपी) की गुरुवार को जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 15 मई को बीमारी फैलने की घोषणा के बाद से संक्रमण की पुष्टि वाले 1,406 लोगों में से 438 लोगों की मौत हो चुकी है, यानी मृत्यु दर 31 प्रतिशत से थोड़ी ज्यादा है। इस बीमारी के फैलने का मुख्य केंद्र उत्तर-पूर्वी इतुरी प्रांत था, यहां पर 83 प्रतिशत से ज्यादा मौतें हुई हैं।






# आधार कार्ड में खुद बदल सकेंगे ई-मेल

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार धारकों को बड़ी राहत देते हुए आधार में ई-मेल आईडी अपडेट करने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क कर दी है। अब यह काम सीधे आधार ऐप के माध्यम से किया जा सकेगा। यह सुविधा 1 जुलाई से शुरू हुई। अगले छह महीने तक मुफ्त उपलब्ध रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि नई सेवा शुरू होने के महज दो दिनों के भीतर 2.5 लाख से अधिक लोगों ने आधार ऐप के जरिए अपनी ई-मेल आईडी अपडेट कर ली है। इससे लोगों में इस नई सुविधा को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।



# डीएसपी के घर छापे, 200 करोड़ की संपत्ति

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी-करप्शन ब्यूरो ने पुलिस कंप्यूटर सर्विसेज के डीएसपी संकीरेड्डी भीम रेड्डी के घर पर छापा मारा। जांच में 200 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति का खुलासा हुआ है। रेड्डी के घर समेत 16 ठिकानों पर तलाशी में 3.6 लाख नकद, एक घर से 40 लाख 2 किलो सोने के गहने, 20 किलो चांदी मिली है। की वस्तुएं और करीब 19.91 लाख के बैंक डिपॉजिट का भी पता चला। तेलंगाना और कर्नाटक में फैली बड़ी संपत्तियों के दस्तावेज मिले। इनमें इब्राहिमबाग के वेसेला मीडोज में पेंटहाउस वाला लग्जरी जी प्लस 2 विला, गाचीबोवली, टेलीकॉम नगर और तेल्लापुर में 4 फ्लैट, नागोल और पटनचेरु में 3 खाली प्लॉट शामिल हैं।

## विदेश मंत्रालय का पाकिस्तान को फिर करारा जवाब

# सिंधु जल संधि रहेगी स्थगित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने पाकिस्तान की ओर से लगातार उठाए जा रहे सिंधु जल संधि के मुद्दे पर करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सिंधु जल संधि पर भारत का रुख पहले जैसा ही है। पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पार आतंकवाद को समर्थन दिए जाने के कारण यह संधि फिलहाल स्थगित है। अगर पाकिस्तान चाहता है कि इस पर आगे बात हो, तो उसे सीमा पार आतंकवाद का समर्थन हमेशा के लिए पूरी तरह बंद करना होगा।

## तीस्ता नदी परियोजना पर बांग्लादेश को मदद रोडमैप के आधार पर

**वेनेजुएला से निष्पक्ष जांच का अनुरोध**



जायसवाल ने कहा कि वेनेजुएला में ड्यूटी के दौरान जहाज पर जान गंवाने वाले भारतीय नाविक राकेश चौहान के शव के साथ कथित छेड़छाड़ और अंग निकाले जाने के मामले को भारत ने वेनेजुएला सरकार के सामने उठाया है। हमने वहां की सरकार से इस मामले की जल्द और निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है।

## आतंकवादी सिर्फ 'आतंकी' होता है हत्या की विचारधारा मिटाना जरूरी : हरीश



**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटना विश्व समुदाय के सामूहिक प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद को उचित ठहराने के लिए किसी भी शिकायत को आधार बनाए बिना इस 'हत्यारी विचारधारा' को जड़ से मिटाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया व कहा, आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी ही होता है।

# यूएन कार्यालय के बाहर युवक ने आग लगाकर की आत्महत्या



**न्यूयॉर्क सिटी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मुख्यालय के बाहर गुरुवार शाम एक 52 वर्षीय व्यक्ति ने खुद को आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह व्यक्ति बौद्ध भिक्षु के वेश में था। घटना से पहले उसने संयुक्त राष्ट्र परिसर के पास फुटपाथ पर तिब्बती झंडा रखा और फिर खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। पुलिस को घटनास्थल से कुछ पर्चे मिले, जिन पर चीन को तिब्बत से निकालो लिखा था। शुरुआती जांच में इसे तिब्बत मुद्दे से जुड़ा विरोध माना जा रहा है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक आत्मदाह के पीछे की अंतिम वजह की पुष्टि नहीं की है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28